वर्ष : 10 अंक : 344 डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शुक्रवार 09 जनवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू, नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार



जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह ,पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा, मुख्य सचिव श्रीनिवास ,अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह भास्कर सावंत, सभी रेंज पुलिस महा निरीक्षक पुलिस अधीक्षक और अन्य पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में विकसित भारत में पुलिसिंग पर मंथन, पुलिस सम्मेलन में ई विजिटर पोर्टल और ई जीरो एफआईआर लांच, राजस्थान पुलिस प्राथमिकता 2026 पुस्तक का विमोचन, साइबर अपराध और विजन 2047 पर चर्चा

# विकसित भारत के संकल्प में सुदृढ़ पुलिस व्यवस्था जरूरी, मजबूत कानून व्यवस्था से निवेश और विकास को मिलेगा बल : सीएम भजनलाल शर्मा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को राजस्थान पुलिस अकादमी में आयोजित राज्य स्तरीय पुलिस सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने पुलिसिंग को और अधिक सुधार और तकनीकी आधारित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण ई विजिटर पोर्टल और ई जीरो एफ. आई. आर.का विधिवत्त शुभारंभ किया । मुख्यमंत्री ने इस दौरान राजस्थान पुलिस प्राथमिकता 2026 पुस्तक का विमोचन भी किया । सम्मेलन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सुदृढ़ कानून व्यवस्था की निर्णायक भूमिका है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार ने औपनिवेशिक मानसिकता से बनाए गए पुराने कानून को बदलकर तीन नए कानून बनाए हैं उन्होंने कहा की नई न्याय संहिता में त्वरित न्याय की अवधारणा से लोगों का विश्वास और मजबूत हो रहा है उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए मजबूत पुलिसिंग बहुत जरूरी है और प्रभावी मजबूत कानून व्यवस्था से निवेश और प्रदेश के विकास को बल मिलता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पिछले 2 सालों में प्रदेश में कानून व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है वर्ष 2023 के मुकाबले अपराधों में 15 प्रतिशत हत्या के प्रकरणों में 25 प्रतिशत लूट के प्रकरणों में 50 प्रतिशत की कमी आई है महिला अत्याचार में 10 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति और जनजाति के विरुद्ध अत्याचार में 28 प्रतिशत की कमी आई है ।







## राजस्थान पुलिस अकादमी का देश में प्रथम स्थान

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पुलिस प्रशिक्षण के नवाचारों ने प्रदेश को नई पहचान दिलाई है उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत सरकार के उपक्रम क्षमता संवर्धन आयोग द्वारा राजस्थान पुलिस अकादमी को उत्कृष्ट संस्थान का दर्जा दिया गया है। यह अकादमी सभी राज्यों के पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों में उत्कृष्ट संस्थान का दर्जा प्राप्त करने वाली प्रथम अकादमी बनी है उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि इसी समर्पित भाव से राष्ट्र एवं समाज की सेवा करते हुए पुलिसिंग को मजबूत करें और नई आपराधिक न्याय प्रणाली के क्रियान्वयन में प्रदेश को अग्रणी राज्य बनाएं ।

## युवा दिवस पर विद्यार्थियों को चरण थानों की विजिट

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश में लागू तीन नए कानून के क्रियान्वयन के तहत प्रदेश में चरणबद्ध रूप से 7 साल से अधिक सजा वाले मामलों में जांच एफएसएल के माध्यम से करने के लिए थानों को सुधार किया जा रहा है इसके अलावा प्राथमिकी, ई प्राथमिकी और चार्ज सीट के अपडेट से लेकर अदालत के निर्णय तक की पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन किया जा रहा है शर्मा ने कहा कि आने वाले युवा दिवस पर विद्यार्थियों को थाने की विजिट करवाई जाए जानी चाहिए और थानों की कार्य प्रणाली तथा नए कानून से उन्हें अवगत करवाना चाहिए नई पीढ़ी को विद्यार्थी जीवन में ही नशा मुक्ति सड़क सुरक्षा पुलिसिंग आदि की जानकारी दी जानी चाहिए ।

## पुलिसिंग में अपने सरकार और समाज का समग्र दृष्टिकोण

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देते हुए पुलिस को रचनात्मक और सकारात्मक दृष्टिकोण वाले व्यक्तियों और समूह से जुड़ने के लिए तंत्र विकसित करना चाहिए इसके अलावा उल्लेखनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को समय-समय पर प्रोत्साहित किया जाए उन्होंने आव्हान किया कि समाज के प्रत्येक वर्ग को तुरंत न्याय दिलाने के लिए पुलिसिंग के साथ संवेदनशीलता भी अपनाना चाहिए ।

## खुफिया सूचनाओं के विश्लेषण में हो प्रौद्योगिकी का उपयोग

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग खुफिया सूचनाओं के विश्लेषण में किया जाना चाहिए पुलिस प्रशिक्षण के महत्व को देखते हुए सभी पुलिस अधिकारियों को अपने कनिष्ठ अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के लिए प्रतिवर्ष 100 घंटे समर्पित करने चाहिए। 10 वर्ष से अधिक सेवा अनुभव वाले पुलिस अधिकारियों को एक-एक पुलिस स्टेशन को गोद लेना चाहिए पुलिस सम्मेलन में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में पुलिस बल की महत्वपूर्ण भूमिका है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पिछले दो सालों में प्रदेश में आमजन का पुलिस के प्रति भरोसा मजबूत हुआ है अपराधियों में दर माहौल बना है और पुलिस विभाग ने कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराधों में उल्लेखनीय गिरावट आई है तथा आंतरिक चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटते हुए राज्य देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हुआ है ।

## पिक्चर लगा ले रे बेहतर कानून व्यवस्था से प्रदेश में बना निवेश का वातावरण

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था से प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है किसी भी प्रदेश में विकास एवं निवेश सुदृढ़ कानून व्यवस्था के बिना संभव नहीं है हमारी सरकार ने पहले ही वर्ष में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट सबमिट का आयोजन किया समिति के दौरान 35 लाख करोड़ रुपए के समझौते हुए जिनमें आठ लाख करोड रुपए के समझौते धरातल पर आ गए हैं जिससे प्रदेश में निवेश का सुरक्षित वातावरण बना है कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि प्रदेश में बेहतर पुलिसिंग के लिए समर्पित भाव से कार्य किया जा रहे हैं पुलिस को अपने दायित्वों को सार्थक बनाते हुए नवाचार को अपनाना होगा उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन के दौरान साइबर अपराध महिला सुरक्षा में प्रौद्योगिकी का उपयोग मादक पदार्थ अपराधों पर नियंत्रण तथा पुलिस सशक्तिकरण जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी ।

## पुलिस कल्याण के लिए उठाए गए बेहतर कदम

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार पुलिस बल को मजबूत करने के लिए अनेक कदम उठा रही है और उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने का प्रयास कर रही है हम पुलिस आधुनिकरण और संबंधित आधारभूत संरचना के लिए 200 करोड रुपए का फंड गठित करने जा रहे हैं इसी तरह 350 करोड रुपए की लागत से सरदार पटेल सेंटर फॉर साइबर कंट्रोल रूम और राजस्थान पुलिस तकनीकी प्रशिक्षण अकादमी की स्थापना करने जा रहे हैं उन्होंने कहा कि हमने कांस्टेबल से सहायक उप निरीक्षक स्तर तक के कार्मिकों के वर्दी भत्ते एवं पुलिस निरीक्षक तक के अधिकारियों के मेष अलाउंस में बढ़ोतरी की है इसके अलावा पुलिस को और अधिक प्रभावी एवं कार्य दक्ष बनाने हेतु करीब 60 करोड रुपए की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृतियां जारी की गई हैं ।

# भजनलाल शर्मा ने किया नो योर आर्मी प्रदर्शनी का उद्घाटन और वीरांगनाओं का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को मिलिट्री दिवस के उपलक्ष में आयोजित किया जा रहे। कार्यक्रमों के अंतर्गत भवानी निकेतन शिक्षा समिति परिसर में चार दिवसीय नो योर आर्मी प्रदर्शनी का उद्घाटन किया उन्होंने प्रदर्शनी में सेना के आधुनिक उपकरणों और हथियारों का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नो योर आर्मी प्रदर्शनी में अत्याधुनिक उपकरणों और युद्ध करने के तौर तरीकों की झलक मिलेगी । आमजन समझेंगे कि कैसे हमारी सेवा दिन-रात सुरक्षा में तत्पर रहती है । उन्होंने कहा कि मिलिट्री दिवस परेड पहली बार सैन्य छावनी की सीमाओं से बाहर जयपुर में आयोजित हो रही है इस परेड के माध्यम से नागरिक भारतीय मिलिट्री के अनुशासन सूर्य और बलिदान के अलावा सैन्य शक्ति से भी रूबरू होंगे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारतीय मिलिट्री हर देशवासी की ढाल हर परिवार का भरोसा और राष्ट्र की आत्मा है रेगिस्तान से लेकर बर्फीली सियाचिन तक हर मोर्चे पर हमारे जवान मुस्तैद खड़े हैं ताकि देश के नागरिक सुरक्षित रहें उन्होंने कहा कि ऑपरेशन पराक्रम ऑपरेशन रक्षक और ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों के माध्यम से इंडियन मिलिट्री ने दिखाया कि वह आक्रामकता का माहौल जवाब देना जानती है । मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने आतंकवाद के खिलाफ हमारे देश की प्रतिबद्धता को देखा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर शुरू किए गए मिशन सुदर्शन चक्र के अंतर्गत आज हमारा देश किसी भी खतरे का सटीक और शक्तिशाली जवाब देने में सक्षम है उन्होंने कहा कि राजस्थान वीरों की कर्मभूमि और जन्मभूमि है इस भूमि ने परमवीर चक्र विजेता पीरू सिंह मेजर शैतान सिंह और लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह जैसे पराक्रमी योद्धाओं को जन्म दिया उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की मिलिट्री आधुनिकरण के



मामले में तेज गति से आगे बढ़ रही है मेक इन इंडिया आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत रक्षा उत्पादन में स्वदेशी कारण को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत का वार्षिक रक्षा उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर जाकर अब 1.51 लाख करोड रुपए से अधिक का हो गया है तथा भारत का रक्षा निर्यात सर्वकालिक उच्च स्तर पर 23622 करोड रुपए रहा है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार ने द्वितीय विश्व युद्ध के नॉन पेंशनर पूर्व सैनिकों और विधवाओं को पेंशन10000 से बढ़कर 15000 रुपए मासिक की है जिससे राज्य के 976 पूर्व सैनिक और विधवाओं को लाभ मिल रहा है । वीरगति प्राप्त सैनिकों के सम्मान में 43 विद्यालयों का नामांकरण भी किया गया है उन्होंने कहा कि बैटल कैजुअल्टी सैनिकों के 7 आश्रितों और 23 शौर्य पदक धारकों को कल 750 बीघा भूमि आवंटित की गई इसके अलावा पुलवामा हमले में वीरगति प्राप्त केंद्रीय रिजर्व पुलिस के पांच कार्मिकों को आश्रित वीरांगनाओं को निवास भी दिए गए हैं पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के पंजीकरण से लेकर राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सुविधाओं के लिए नया वेब पोर्टल तैयार किया गया है भूतपूर्व सैनिकों आश्रितों और वीरांगनाओं की पेंशन संबंधी विसंगतियों के निराकरण के लिए जिला स्तर पर 418 कैंपों का आयोजन करके 128 प्रकरणों का निस्तारण किया गया उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न विभागों में संविदा पर नियोजित भूतपूर्व सैनिकों के मानदेय में वर्ष 2024 और वर्ष 2025 में 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई प्रदर्शनी में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय मिलिट्री द्वारा उपयोग किए गए विभिन्न आधुनिक हथियार आर्टियोरोलोजी और अन्य सैन्य संसाधनों का प्रदर्शन किया गया इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वीरांगनाओं को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत, खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, यूडीएच मिनिस्टर झाबर सिंह खर्रा, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह, राज्य मंत्री विजय सिंह, मुख्य सचिव श्रीनिवास, आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह और मिलिट्री के कई बड़े अधिकारी मौजूद रहे ।

# प्रदेश के बजट को लेकर दिया कुमारी कल केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से करेंगे मुलाकात, खास होगा बजट

## उप मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दिया कुमारी ने कहा इस बार और भी शानदार होगा बजट

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दिया कुमारी दोनों ही प्रदेश के आगामी बजट की रूपरेखा तैयार करने को लेकर युद्ध स्तरसे जुट गए हैं । इसी क्रम में वित्त मंत्री दिया कुमारी 10 जनवरी को दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से प्रदेश के बजट की रूपरेखा को लेकर विस्तार से चर्चा करेंगी। दिया कुमारी की केंद्रीय वित्त मंत्री से होने वाली इस चर्चा को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि दिया कुमारी आगामी बजट की रूपरेखा के संदर्भ में ही आर्थिक मामलों से जुड़े विभिन्न विषयों और मुद्दों को लेकर केंद्रीय वित्त मंत्री से चर्चा करेंगी प्रदेश में जनवरी महीने में ही बाड़मेर की रिफाइनरी का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उद्घाटन होने जा रहा है और इस रिफाइनरी में जुलाई 2026 से उत्पादन होना शुरू हो जाएगा इसलिए इस बार रिफाइनरी को लेकर भी बजट में विशेष प्रावधान होना सुनिश्चित है प्रदेश की भजनलाल सरकार का प्रयास है कि बजट में केंद्र सरकार से जुड़े लोगों की सलाह और सहयोग दोनों लिया जाए तो बजट और भी शानदार और समावेशी हो सकता है इसीलिए दिया कुमारी कल केंद्रीय वित्त मंत्री से चर्चा करने वाली है । पत्रकारों से बातचीत के दौरान उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि इस बार भी हमारा बजट समावेशी और स्पर्शी होगा जो सभी को पसंद आएगी उन्होंने कहा कि अब से पहले भी हमारी सरकार ने जितने भी बजट विधानसभा में प्रस्तुत किए सभी शानदार थे और इस बार भी हमारा बजट और भी शानदार होगा उन्होंने कहा कि हम बजट की घोषणा ही नहीं करते बल्कि उनका क्रियान्वयन भी तत्परता से करवाते हैं उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के 2 साल के कार्यकाल हर क्षेत्र में और हर विभाग में ऐतिहासिक और बेमिसाल रहे और आगे भी हमारी सरकार प्रदेश के हर जाति और बिरादरी के लोगों के सतत कल्याण और प्रदेश के विकास को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए कार्य करती रहेगी जानकारी के अनुसार आगामी 28 जनवरी से राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र शुरू होने वाला है और फरवरी के प्रथम सप्ताह में बजट प्रस्तुत होने की संभावना है इस बार भी वित्त मंत्री के तौर पर दिया कुमारी विधानसभा में बजट प्रस्तुत करेगी इसलिए इस बजट को लेकर दिया कुमारी व्यक्तिगत रूप से भी काफी उत्साहित हैं जानकार लोगों का कहना है कि सदन में दिया कुमारी का बजट भाषण हमेशा ही काफी प्रभावित रहा है दिया कुमारी का भाषण देने का अंदाज भी बेमिसाल होता है एक तरफ वे सरकार की योजनाओं को खूबसूरती से प्रस्तुत करती हैं तो दूसरी तरफ विपक्ष पर शायराना अंदाज में हमला करने में भी माहिर हैं इस दौरान बजट भाषण में अगर कोई विपक्ष का कोई सदस्य हंगामा और शोरगुल करें तो दिया कुमारीअपने शायराना अंदाज में उसको चुप रहने पर मजबूर भी किया है ।

# बांग्लादेश ने भारतीयों के लिए वीजा सेवाओं पर रोक लगाई

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली (एजेंसी)**भारत के साथ रिश्तों में बढ़ते तनाव के बीच बांग्लादेश ने एक अहम कदम उठाया है। बांग्लादेश ने कथित तौर पर भारतीय नागरिकों के लिए वीजा जारी करने पर और पाबंदियां लगा दी हैं। इतना ही नहीं बांग्लादेश ने नई दिल्ली के साथ ही इन पाबंदियों को कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में अपने मिशन तक बढ़ा दिया है। इससे पहले, पिछले महीने मिशन के पास हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद नई दिल्ली में बांग्लादेश हाई कमीशन ने अनिश्चितकाल के लिए वीजा सेवाएं सस्पेंड कर दी थीं। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने बुधवार रात को इस फैसले की पुष्टि की। ये पाबंदियां गुरुवार से लागू हो गईं। इसमें बिजनेस और रोजगार वीजा को छोड़कर सभी तरह के वीजा को सस्पेंड किया है।

## दो दिवसीय आई एम ए राजस्थान की वार्षिक मेडिकल कांफ्रेंस 10 जनवरी से




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** आई एम ए भिवाड़ी के द्वारा दो दिवसीय आई एम ए राजस्थान की वार्षिक मेडिकल कांफ्रेंस आयोजित की जा रही है। यह आयोजन 10 और 11 जनवरी को ओम शांति रिट्रीट सेंटर में होगा। जिसमें लगभग 45 वक्त अपनी रिसर्च अपने शोध एवं अपनी नई तकनीकी के बारे में पत्र वाचन किया जायेगा। जिसमें आईएमसी के अध्यक्ष गिरधर गोपाल उपस्थित रहेंगे। विशेष अतिथि के रूप में महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज के संस्थापक डॉक्टर स्वर्णकार रहेंगे। पारस हॉस्पिटल गुड़गांव के एचडी डॉक्टर धर्मेंद्र नागर विशेष अतिथि रहेंगे। वीजा के एचडी लखन तमर, बीके आर केंद्र की डायरेक्टर आशा दीदी, चोमू की विधायक डॉक्टर शिखा मिल और सांसद गंगानगर कुलदीप इंदौर उद्घाटन सत्र में उपस्थित रहेंगे। बेस्ट इमा ब्रांच एवं श्रेष्ठतम कार्य करने वाले चिकित्सकों को हाईवे में स्टेट की तरफ से अवार्ड दिए जाएंगे। चेयरमैन ऑफ आर्गेनाईजेशन कमेटी डॉ रूप सिंह ने बताया की राजस्थान आईएमए के प्रांतीय अध्यक्ष दो एमपी शर्मा प्रांतीय सचिव डॉक्टर पक गर्ल पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर रजनीश शर्मा, कोषाध्यक्ष डॉक्टर और के अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ सुनील चौक, राष्ट्रीय पूर्व उपाध्यक्ष अशोक शारदा एवं पूर्व उपाध्यक्ष डॉ एस एन हर्ष उपस्थित रहेंगे।

## राष्ट्रीय सडक सुरक्षा अभियान के आठवें दिन सडक सुरक्षा संबंधी गतिविधियां आयोजित



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राष्ट्रीय सडक सुरक्षा अभियान के तहत जिले में 31 जनवरी तक संचालित राष्ट्रीय सडक सुरक्षा अभियान के आठवें दिन परिवहन निरीक्षक रविदत्त शर्मा द्वारा मैक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल खैरथल में विद्यार्थियों एवं स्कूल स्टाफ को यातायात नियमों की जानकारी देकर सडक सुरक्षा के संबंध में शपथ दिलाई गई। जिला परिवहन अधिकारी सविता भारद्वाज ने बताया कि इस दौरान सडक सुरक्षा से संबंधित विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले विजेता विद्यार्थियों को माह के अंत में पारितोषिक प्रदान कर प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सडक जनजागरूकता बढाने हेतु यातायात नियमों की जानकारी वाली पुस्तिका/पम्पलेट वितरित किए गए। इसी प्रकार अभियान के तहत परिवहन निरीक्षक लक्ष्मीनारायण द्वारा दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस-वे के शीतल कट के पास वाहनों के ड्राइवरों को लेन सिस्टम में चलने एवं फॉग में गाडी चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने की जानकारी दी गई। साथ ही सडक जन जागरूकता बढाने हेतु ड्राइवरों को यातायात नियमों की जानकारी वाली पुस्तिका/पम्पलेट वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि सडक सुरक्षा अभियान के तहत विभागीय समन्वय से सडक सुरक्षा के क्षेत्रा में समझाइश, प्रवर्तन कार्रवाई, जनजागरूकता, यातायात नियमों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

## राजस्थान ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस में नव प्रवेश उत्सव समारोह आयोजित



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस के तत्वावधान में राजस्थान शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, रामगढ़ रोड, अलवर में सत्र 2025-26 के नवागंतुक विद्यार्थियों के स्वागत हेतु नव प्रवेश उत्सव समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीए बी एड, बीएससी बीएड, एलएसए प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह के मुख्य अतिथि संस्था के चेयरमैन योगेश मिश्रा एवं अध्यक्षता संस्था की संरक्षिका कमलेश शर्मा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना एवं माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। नवागंतुक छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग लोक नृत्य प्रस्तुतियाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पाठ्य प्रस्तुति के माध्यम से अतिथियों एवं उपस्थितजनों का मन मोह लिया गया। मुख्य अतिथि योगेश मिश्रा ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, समर्पण एवं प्रशिक्षण के प्रति निष्ठावान रहने का संदेश देते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य के प्रति एकाग्रता और निरंतर परिश्रम अत्यंत आवश्यक है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. समंदर सिंह यादव ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय के नियमों एवं अनुशासन की जानकारी देते हुए कहा कि अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। वहीं संस्था के निदेशक मनोज शर्मा ने विद्यार्थियों को शुभाशीर्वाद देते हुए अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहने एवं संस्था की शैक्षणिक उपलब्धियों की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर एएलएस प्राचार्य डॉ. आर.के. सक्सेना, राजस्थान पब्लिक सीनियर सेकेंड्री स्कूल की प्राचार्या मंजू गुप्ता, समस्त महाविद्यालय एवं विद्यालय स्टाफ तथा कर्मचारीगण, बीएड द्वितीय वर्ष, बीए बीएड एवं बीएससी बीएड प्रथम वर्ष के समस्त छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन हेमलता गुप्ता द्वारा किया गया। समारोह का समापन उत्साह एवं प्रेरणादायी वातावरण में हुआ।

# पेयजल के क्षेत्र में राज्य सरकार ने दो वर्ष में किए भागीरथ प्रयास

### राम जल सेतु लिंक परियोजना जैसी वृहद परियोजना और दूर-दराज क्षेत्रों के लिए नलकूप सहित वर्षा जल संरक्षण पर भी है विशेष फोकस

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों एवं कठिनाइयों के बावजूद जल संकट के स्थायी समाधान हेतु प्रदेशभर में गांवों और शहरों में जल उपलब्धता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय ले रही हैं।

### जिले में जल उपलब्धता के लिए राज्य सरकार की प्रमुख पहलें

इसी दिशा में एक कदम ओर बढाते हुए पूर्वी राजस्थान के लिए जीवनदायिनी' राम जल सेतु लिंक परियोजना (संशोधित पीकेसी-ईआरसीपी)' को मूर्त रूप देते हुए परियोजना के तहत अलवर जिले में खुर्रा चैनपुरा से जयसमंद बांध में पानी लाया जाएगा, इसके लिए 35 अरब, 14 करोड़, 92 लाख रुपए के एलओए जारी किए जा चुके हैं तथा परियोजना के अंतर्गत हाजीपुर डडीकर में 300 क्यूबिक क्षमता के एक कृत्रिम जलाशय का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। वहीं हर घर तक जल पहुंचने के लिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत दो वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों में 1 लाख 7 हजार 977 नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं, इस प्रकार जेजेएम के अंतर्गत जिले के 352 गांवों में शत - प्रतिशत नल कनेक्शन जारी किए गए। पेयजल हर घर तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता के तहत अलवर शहर में 190 नलकूप स्वीकृत कराए गए, जिनमें से 105 नलकूप प्रारंभ कर दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त 94 ट्यूबवेलों की गहराई बढ़ाई गई है। अलवर जिले के लिए बजटों में पेयजल योजनाओं के संवर्धन तथा सुदृढीकरण के लिए विभिन्न घोषणाएं की गई हैं, जिनमें अलवर शहर की विभिन्न कॉलोनियों में 25 करोड रूपये की लागत से जल प्रदाय सुविधा विकसित करने का कार्य प्रक्रियाधीन है, जिससे आमजन को पेयजल संबंधी समस्या का सामना नहीं करना पडेगा। इसी प्रकार 23.26 करोड रूपये की लागत से सिलीसेढ क्षेत्र से टयूबवैल व पाईप लाईन के माध्यम से अलवर शहर को पेयजल (अलवर) उपलब्ध करवाया जाएगा। भाखेडा-अलवर एनीकट का निर्माण / मरम्मत एवं जीर्णोद्वार कार्य प्रगतिरत है। चम्बल नदी आधारित वृहद पेयजल परियोजना में अलवर के 150 गांवों तथा रामगढ़ शहर को शामिल किया गया है। 40 करोड की लागत से नटनी का बारां वियर से जससमंद बांध-अलवर तक निर्मित नहर का उन्नयन एवं रूपारेल नदी को रिज्यूवनेट करने संबंधी कार्य विभिन्न चरणों में प्रक्रियाधीन है। इसके अतिरिक्त जल संरक्षण के लिए 5 करोड रुपए की लागत से प्रताप बांध क्षेत्र के पहाड़ों पर, चार करोड रुपए की लागत से जरख वाले नाले के आसपास पहाड़ी क्षेत्र, नगर विकास न्यास द्वारा लगभग 2 करोड़ 36 लाख रुपए की राशि से वाटर हार्वेस्टिंग कार्य, 2 करोड रुपए की लागत से भूरासिद्ध मंदिर के पास पहाड़ी क्षेत्र एवं मीणा पहाड़ी में स्थित जोहड़ में 65 लाख रुपए की लागत से वाटर हार्वेस्टिंग संरचना निर्माण संबंधी कार्य विभिन्न चरणों में प्रगतिरत हैं।

## वन राज्यमंत्री शर्मा ने किया भाखेडा में निर्माणाधीन एनीकट का निरीक्षण

### पेयजल समस्या के समाधान हेतु शहर में कई स्थानों पर एनीकट निर्माण कार्य प्रगतिरत - वन राज्यमंत्री शर्मा



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने गुरूवार को भाखेडा में पहुंचकर करीब 5 करोड रूपये की लागत से राशि से निर्माणाधीन एनीकट का निरीक्षण किया। वन राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि एनीकट कार्य 5 करोड रूपये की राशि से पूर्ण किया जा रहा है जिसके वर्कऑर्डर जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि एनीकट में वर्षा जल संग्रहण से भूजल स्तर में वृद्धि होगी तथा ग्राउंड वाटर टेबल बढने से ट्यूबवेल, हैण्डपम्प एवं कुओं में जल का प्राकृतिक पुनर्भरण होगा। उन्होंने कहा किएनीकट के निर्माण होने पर भाखेडा, ढाईपेडी, लिवारी तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों, पशु-पक्षियों व वन्यजीवों को पेयजल सुगमता से मिलने में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि शहर में बोरिंगों के अतिरिक्त आमजन को पेयजल सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने हेतु शहर के अन्य स्थानों पर भी जगह चिन्हित करके एनीकट बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नटनी का बारा से जयसमंद तक नहर को पक्की करने का कार्य भी प्रगतिरत है। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि बांध का काम गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इस दौरान सरिस्का के सीसीएफ संग्राम सिंह कटिहार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## जिला कलक्टर ने नगर निगम की बैठक लेकर प्रगतिरत विकास कार्यों, फ्लैगशिप योजनाओं एवं कार्यालय संबंधी कार्यों की समयबद्ध क्रियान्वित के दिए निर्देश

### जिला कलक्टर ने किया नगर निगम कार्यालय एवं तांगा स्टैण्ड पर निर्माणाधीन पिंक टॉयलेट का किया निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर एवं प्रशासक नगर निगम डॉ. आर्तिका शुक्ला ने गुरूवार को नगर निगम कार्यालय का औचक निरीक्षण एवं बैठक लेकर केन्द्र एवं राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं, स्वच्छता सर्वेक्षण, निर्माण संबंधी कार्य एवं कार्यालय के कार्यो की विस्तृत समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि फ्लैगशिप योजनाओं एवं महत्वपूर्ण कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर अलवर शहर में अमृत 2.0 के अन्तर्गत वार्डो में डाली जा रही सीवर लाइन के कार्य को गुणवत्ता के साथ मार्च माह तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने शहर के शमशान घाटों में बिजली शवदाह गृह स्थापित कराने, प्लास्टिक कचरा निस्तारण हेतु प्लास्टिक कचरा निस्तारण मशीन लगाने के निर्देश दिये तथा पुराना सूचना केन्द्र की आधारभूत मरम्मत, हैरिटेज लुक में बदलाव किए बिना मरम्मत करवाने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने निर्देश दिये कि ठोस कचरा प्रबंधन के अन्तर्गत कचरा निस्तारण केन्द्र अग्यारा के सम्पूर्ण संचालन स्वयं के स्तर पर प्रारम्भ करावे, जिससे प्रतिदिन एकत्रित होने वाले कचरे का सम्पूर्ण निस्तारण किया जा सके। साथ ही इस कार्य में विलम्ब होने पर संबंधित कार्मिकों को नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने शहर में विचरण करने वाले पशुओं को पकड़ कर गौशालाओं में छोडने के लिए निविदा जारी कर तृतीय पक्षफर्म से अनुबंध किये जाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। इसके उपरान्त उन्होंने कार्यालय की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन कर 5 कार्मिक अनुपस्थित मिले कार्मिकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होने निर्देश दिये कि सभी कार्मिक कार्यालय समय में उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं का निराकरण करें तथा कार्यालय में रिकॉर्ड आदि को सुव्यवस्थित रूप में संधारित किया जावे।

### पिंक टॉयलेट का निरीक्षण कर दिए दिशा-निर्देश

जिला कलक्टर ने नगर निगम द्वारा तांगा स्टैण्ड पर निर्माणाधीन पिंक टॉयलेट का निरीक्षण कर कार्य को गुणवत्ता के साथ पूर्ण समयबद्ध रूप में पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि शहर के शौचालयों की नियमित रूप से साफ-सफाई सुनिश्चित करें। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, अधिशासी अभियन्ता खेमराज मीणा सहित निगम के अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

## भाजपा नेता डॉ. मोहित जसवंत यादव की उपस्थिति में विशेष गहन पुनरीक्षण समीक्षा बैठक आयोजित

### मतदाता सूची के शुद्धिकरण और नए मतदाताओं के पंजीकरण पर रहा विशेष फोकस



जयपुर टाइम्स

**बहरोड़(निसं.)।** बहरोड़ स्थित विधायक कार्यालय में विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) की समीक्षा बैठक का आयोजन भाजपा नेता डॉ. मोहित जसवंत यादव की अध्यक्षता में किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता राजस्थान भारतीय जनता पार्टी के सांस्कृतिक एवं पर्यटन प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक तथा अलवर जिला (उत्तर) के संयोजक मनीष पारीक रहे। उनके मार्गदर्शन और सक्रिय नेतृत्व में बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में मतदाता सूची के सटीक एवं पारदर्शी पुनरीक्षण, नए मतदाताओं के पंजीकरण तथा डिजिटल टूल्स के प्रभावी उपयोग पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर मनीष पारीक ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया में मतदान प्रतिशत बढ़ाना और यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि केवल योग्य मतदाता ही अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओं और आमजन की सक्रिय सहभागिता जरूरी है। डॉ. मोहित जसवंत यादव ने उपस्थित पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों से अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. मोहित ने अपने संबोधन में कहा, 'हमारा उद्देश्य केवल मतदाता सूची को सुधारना नहीं है, बल्कि हर नागरिक को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनाना है। डिजिटल साधनों और पारदर्शिता के माध्यम से इस कार्य को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। ' बैठक में एडवोकेट प्रशांत यादव, राजेश फौजी, अश्वनी टाइगर, राजू सिंह चौहान (मंडल अध्यक्षगण), शिवचरण गुरुजी, संजय मीर, रूपेश पार्षद, देवेंद्र यादव पार्षद, संजय पार्षद, रोहिताश पार्षद, गौरीशंकर पार्षद, रामनरेश यादव व जयप्रकाश झाबर (जिला पार्षद), रामवतार यादव, कर्मवीर यादव एवं सत्येंद्र (मंडल महामंत्री), पंकज यादव, नरेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। बैठक के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए आगामी कार्यक्रमों में पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लिया।

## जिला पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक आयोजित

### पशुओं के कल्याण के लिए पशु क्रूरता निवारण एक्ट के प्रावधानों की प्रभावी क्रियान्वित कराने के दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम मुकेश कायथवाल की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में जिला पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक आयोजित हुई। अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम मुकेश कायथवाल ने पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक को निर्देश दिये कि पशु क्रूरता निवारण एक्ट के प्रावधानों की प्रभावी क्रियान्वित के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं गैर-सरकारी संगठनों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिए की 14 से 30 जनवरी के मध्य आयोजित होने वाले पशु कल्याण पखवाड़े में संबंधित विभाग आपसी समन्वय से गतिविधियों का आयोजन करावें। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर में स्थित बूचडखानों/मांस की दुकानों के पंजीकरण का सर्वे नियमित तौर पर कर सर्वे के दौरान पंजीकरण नहीं पाए जाने पर उचित कार्रवाई करें। उन्होंने निर्देशित किया कि सरिस्का वन्य क्षेत्र में वन्य जीवों को खाद्य सामग्री डालने वाले नागरिकों/वाहन मालिकों पर निगरानी व समझाइश हेतु चेतावनी बोर्ड लगवाएं एवं नियमित रूप से मॉनिटरिंग कर कार्रवाई करें। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सडक पर रिफ्लेक्टर स्पीड ब्रेकर व सडक के किनारे चेतावनी बोर्ड लगावे। उन्होंने निर्देश दिए कि परिवहन विभाग पशुओं के अवैध परिवहन के दौरान नियमों की अवहेलना करने पर प्रभावी कार्रवाई करें। इस अवसर पर डिप्टी एसपी अलवर करणी सिंह शेखावत, डिप्टी एसपी भिवाड़ी शीशराम मीणा, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. रमेश मीणा, सीएमएचओ डॉ. योगेंद्र शर्मा, डीटीओ सविता भारद्वाज, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रदीप सिंह, पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. सरजीत सिंह, एसीएफ अलवर योगेश कुमार, एसीएफ सरिस्का अजय चौधरी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।


## सेंट टेरेसा स्कूल मानसरोवर के 2 खिलाड़ी का राष्ट्रीय बेंच प्रेस पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में हुआ चयन

**अलवर(निसं.)।** राष्ट्रीय बेंच प्रेस पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन फरीदाबाद हरियाणा में आयोजित हो रही है। जिसमें राजस्थान टीम में सेंट टेरेसा स्कूल मानसरोवर जयपुर के सब जूनियर में 105 किलो में सुबोध मुद्गल और 120 किलो में संकेत चतुर्वेदी का चयन हुआ। आशीष जैमन अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी राजस्थान पुरुष टीम के कोच नियुक्त किए गए। सभी खिलाड़ी और कोच को विद्यालय की प्रधानाचार्य सिस्टर जामी ने शुभकामनाएं दी।



# 36 वर्षों बाद अलवर में राष्ट्रीय शिक्षा महासम्मेलन

### अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का 64वां प्रदेश अधिवेशन 9-10 जनवरी को




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** शहर में 36 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद शिक्षा जगत से जुड़ा एक ऐतिहासिक और राष्ट्रीय महत्व का आयोजन होने जा रहा है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान के तत्वावधान में 64वां प्रदेश अधिवेशन आगामी 9 व 10 जनवरी को अलवर के मोटल रिसोर्ट में आयोजित किया जाएगा। यह अधिवेशन उच्च शिक्षा से जुड़े शिक्षकों का एक बड़ा विचार-विमर्श महासम्मेलन होगा। प्रेस वार्ता में संगठन अध्यक्ष प्रो. मनोज बहरवाल और प्रदेश महामंत्री रिछपाल सिंह ने बताया कि अधिवेशन में देश व प्रदेश के शिक्षा विशेषज्ञ, शिक्षाविद, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि, शोधकर्ता एवं नीति निर्धारक भाग लेंगे। सम्मेलन का उद्देश्य उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, नवाचार, शोध, रोजगारोन्मुखी शिक्षा तथा भारतीय ज्ञान परंपरा पर व्यापक मंथन करना है। आयोजकों के अनुसार यह आयोजन अलवर के लिए गौरव का विषय है, क्योंकि 36 वर्षों में पहली बार शहर में इतना बड़ा शिक्षा-केंद्रित आयोजन हो रहा है। इस महासम्मेलन से अलवर को शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी तथा युवाओं, छात्रों और शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर के विचारकों से सीधे संवाद का अवसर प्राप्त होगा। अधिवेशन के दौरान नई शिक्षा नीति, तकनीकी शिक्षा, शोध एवं नवाचार, मूल्य आधारित शिक्षा और रोजगार से जुड़े विषयों पर गहन चर्चा की जाएगी। आयोजकों का दावा है कि यह अधिवेशन शिक्षा के क्षेत्र में एक नई दिशा तय करेगा। कार्यक्रम को लेकर शहर के शिक्षाविदों और सामाजिक संगठनों में भी विशेष उत्साह देखा जा रहा है। प्रेस वार्ता के दौरान सह संगठन मंत्री डॉ. गंगाश्याम गुर्जर, प्रदेश उपाध्यक्ष कर्मवीर सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. लता शर्मा, प्रदेश मंत्री आंचल मीणा, विभाग संयोजक अजय वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा मुख्य अतिथि तथा वन मंत्री संजय शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। सत्र की अध्यक्षता प्रो. नारायण लाल गुप्ता (महामंत्री) करेंगे। 10 जनवरी को शैक्षिक संगोष्ठी एवं समापन दूसरे दिन 10 जनवरी को शैक्षिक संगोष्ठी आयोजित होगी, जिसमें विभिन्न विषयों पर पत्रवाचन एवं व्यापक वैचारिक विमर्श किया जाएगा। संगोष्ठी के विषय परिवर्तनकर्ता प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत, कुलगुरु, कोटा विश्वविद्यालय होंगे, जबकि अध्यक्षता प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल, कुलगुरु, महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर करेंगे। समापन सत्र के मुख्य वक्ता निंबाराम, क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ होंगे। समापन सत्र की अध्यक्षता महेंद्र कपूर, संगठन मंत्री, अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ करेंगे।

## सरकारी चिकित्सक हेंमत के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

जयपुर टाइम्स

**भिवाड़ी(निस)।** प्लॉट बेचने के नाम पर 20 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला भिवाड़ी थाने में दर्ज हुआ है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार परिवादी रामकेश गुर्जर पुत्र जयकिशन, निवासी ओमैक्स मेडोसिटी, प्लॉट नंबर 77, मटिला भिवाड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी हेमंत कुमार डागर पुत्र राधेकृष्ण डागर, निवासी आशियाना थड़ा सोसायटी, भिवाड़ी ने प्रॉपर्टी डीलर के माध्यम से पियूष सिटी, ततारपुर भिवाड़ी स्थित प्लॉट नंबर C-53 (225 वर्ग गज) बेचने का सौदा 34 लाख रुपये में तय किया। समझौते के अनुसार परिवादी ने 16 मार्च 2025 को यूपीआई के जरिए 1 लाख रुपये तथा 17 मार्च 2025 को एचडीएफसी बैंक भिवाड़ी के चेक से 19 लाख रुपये, कुल 20 लाख रुपये आरोपी को भुगतान किए। शेष 14 लाख रुपये रजिस्ट्री के समय देना तय हुआ। 17 मार्च 2025 को दोनों के बीच बिक्री का एग्रीमेंट हुआ, जिसकी नोटरी 19 मार्च 2025 को कराई गई। परिवादी का आरोप है कि रजिस्ट्री के दिन आरोपी उप पंजीयक कार्यालय भिवाड़ी नहीं पहुंचा और बाद में उसका मोबाइल फोन बंद कर लिया। बाद में जानकारी करने पर सामने आया कि जिस प्लॉट का सौदा किया गया, वह आरोपी के नाम पर दर्ज ही नहीं है। परिवादी की ओर से दिए गए एक अन्य प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि आरोपी ने खुद को सरकारी सेवा में कार्यरत चिकित्सक बताया था। शिकायत के अनुसार जानकारी में आया कि आरोपी पूर्व में भी किसानों व अन्य लोगों से धोखाधड़ी के मामलों में संलिप्त रहा है, जिनके संबंध में अलग-अलग स्थानों पर प्रकरण दर्ज हो चुके हैं। पुलिस ने मामले में धारा 318(4) व 316(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच उप निरीक्षक विजय कुमार को सौंपी है



## विशेष योग्यजनों को मिलेगी निःशुल्क इलेक्ट्रिक पावर व्हीलचेयर, 15 जनवरी तक करें आवेदन

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा।** राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा विशेष योग्यजनों को बेहतर सुविधा एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इसके तहत मांसपेशीय दुर्विकास से ग्रसित विशिष्ट दिव्यांगजनों को निःशुल्क इलेक्ट्रिक पावर व्हीलचेयर उपलब्ध करवाई जाएगी। इस योजना के अंतर्गत पीला अथवा नीला दिव्यांग प्रमाण पत्र धारक विशेष योग्यजनों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र विशेष योग्यजन 15 जनवरी, 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के समाज कल्याण अधिकारी रमेश दहमीवाल ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक के पास मांसपेशीय दुर्विकास से ग्रसित विशिष्ट विकलांगता का पीला अथवा नीला दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं सक्षम अधिकारी द्वारा जारी राजस्थान राज्य का मूल निवासी प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त पेंशन पीपीओ की स्वप्रमाणित प्रति, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, जन आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, जन्मतिथि प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति एवं नवीन फोटो भी आवश्यक होंगे। उन्होंने बताया कि मांसपेशीय दुर्विकास से ग्रसित विशेष योग्यजन अथवा उनके अभिभावक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र भरकर आवश्यक दस्तावेजों सहित जिला अधिकारी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। पात्र विशेष योग्यजन जिला कार्यालय खैरथल-तिजारा में 15 जनवरी, 2026 तक आवेदन जमा करवा सकते हैं। यह योजना मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशील एवं जनकल्याणकारी सोच का प्रतीक है, जिससे विशेष योग्यजनों को दैनिक जीवन में सुगमता एवं सम्मानजनक जीवन जीने में सहायता मिलेगी

## राम - लक्ष्मण व परशुराम संवाद तक के प्रसंगों का उल्लेख

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निस)।** फतेहपुर मार्ग स्थित गोयनका धर्मशाला में चल रही श्रीरामकथा के पांचवें दिन गुरुवार को कथा व्यास धर्म दास महाराज ( अयोध्या ) ने भगवान राम की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि श्रीराम कथा भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का एक अमूल्य आध्यात्मिक ग्रंथ है। यह कथा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्श जीवन, उनके सत्य, धर्म, करुणा, त्याग और कर्तव्यबोध को दर्शाती है। महाराज ने श्री राम-लक्ष्मण और परशुराम-संवाद,श्री राम-लक्ष्मण सहित विश्वामित्र का जनकपुर में प्रवेश, श्री राम-लक्ष्मण को देखकर जनकजी की प्रेम मुग्धता, बंदीजनों की ओर से जनकप्रतिज्ञा की घोषणा, राजाओं से धनुष न उठना, जनक की निराशाजनक वाणी, श्री लक्ष्मणजी का क्रोध, जयमाला पहनाना, परशुराम का आगमन व क्रोध, श्री राम-लक्ष्मण और परशुराम-संवाद, दशरथजी के पास जनकजी का दूत भेजना, अयोध्या से बारात का प्रस्थान तक के प्रसंगों का विस्तार पूर्वक उल्लेख किया।

## संभागीय आयुक्त विश्राम मीना चूरू आए, एसआईआर व निर्वाचन गतिविधियों की समीक्षा कर दिए निर्देश

**चूरू(निस)।** बीकानेर संभागीय आयुक्त विश्राम मीना गुरुवार को चूरू आए और जिला मुख्यालय पर सर्किट हाउस में बैठक में एसआईआर–2026 तथा निर्वाचन गतिविधियों की समीक्षा कर निर्देश दिए। इस अवसर पर ?संभागीय आयुक्त मीना ने कहा कि निर्वाचन कार्यों में समयबद्ध रखें तथा मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियां नियमित रूप से आयोजित ?की जाएं। उन्होंने निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों को मतदाता जागरूकता गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने, फील्ड स्तर पर सतत निगरानी रखने एवं सभी आवश्यक अभिलेखों का संधारण नियमों के अनुसार करने के निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त ने एसआईआर– 2026 के दौरान नो मैपिंग मतदाताओं को जारी नोटिसों की सुनवाई तथा पोर्टल पर एंट्री, 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पात्र वयस्कों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने आदि कार्यों की प्रगति की जानकारी ली।

# कांग्रेस ने हमेशा भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया लोगों को तोड़ने और तुष्टिकरण की राजनीति की : मदन राठौड़

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने कांग्रेसी नेताओं द्वारा की जा रही निराधार और भ्रामक बयानबाजी पर कड़ा पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस की राजनीति का मूल स्वभाव ही हर घटना में राजनीति खोजने समाज को बांटने और अपराधियों को संरक्षण देने का रहा है। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी समाज को जोड़ने का प्रयास नहीं किया बल्कि हमेशा भड़काने और तुष्टिकरण की राजनीति की है, जिससे स्वाभाविक रूप से समाज में असंतोष और दूरियां पैदा होती हैं। एक वर्ग विशेष के लोगों द्वारा अपराध किए जाने के बावजूद उन्हें संरक्षण देना सामाजिक समरसता को नुकसान पहुंचाता



है। राठौड़ ने स्पष्ट कहा कि न्याय का सिद्धांत यह होना चाहिए कि जो भी दोषी हो उसे दंड मिले चाहे वह किसी भी दल या समाज से हो। अपना व्यक्ति गलत करे तो संरक्षण और दूसरा गलत करे तो कार्रवाई यह नीति न तो लोकतांत्रिक है और न ही नैतिक। राठौड़ ने कहा कि आज देश देख रहा है कि बंगाल सहित कई राज्यों में खुलेआम हिंसा और अपराध हो रहे हैं लेकिन कांग्रेस जैसे दल अपराधियों के पक्ष में खड़े दिखाई देते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या इस तरह की राजनीति की आज आवश्यकता है? राठौड़ ने कहा कि राजनीति केवल सत्ता पाने का साधन नहीं बल्कि उसमें आदर्श गुणवत्ता राष्ट्रीय चरित्र और सार्वजनिक आचरण होना चाहिए। जनता उसी राजनीति को पसंद करती है जो व्यवहार विचार और कार्यतीनों में संतुलित और नैतिक हो। भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरते हुए राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक-दूसरे के पर्याय बन चुके हैं। 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला पनडुब्बी घोटाला जीप घोटाला बोफोर्स घोटाला चारा घोटाला सूची इतनी लंबी है कि कहा जा सकता है आकाश से पाताल तक घोटाले ही घोटाले कांग्रेस की पहचान रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व गृह मंत्री सुशील कुमार शिंदे ने महाराष्ट्र में सार्वजनिक मंच से यह तक कह दिया था कि घोटाले हो रहे हैं चिंता मत करो जनता भूल जाती है।इससे कांग्रेस की सोच और मानसिकता पूरी तरह उजागर हो जाती है। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का ईमानदारी से प्रयास नहीं किया। बजरी माफिया की पैदाइश भी कांग्रेस शासन की देन है– न टेंडर न पारदर्शिता माफियाओं को खुली छूट। इसके विपरीत भाजपा सरकार ने बजरी माफिया पर सख्त कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारी, दंड और नियंत्रण की नीति अपनाई है। पूर्ववर्ती गहलोत शासन पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उस समय अपराध और भ्रष्टाचार चरम पर थे। बजरी माफिया पनपे आम नागरिकों को सड़कों पर कुचला गया सड़कों पर खून बहा। गहलोत जी को दूसरों पर आरोप लगाने से पहले अपने शासनकाल की ओर देखना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए गहलोत के सामने ही तत्कालीन मंत्री डोटासरा पर शिक्षकों ने खुलेआम पैसे लेने-देने के गंभीर आरोप लगाए थे। कांग्रेस को पहले इन सवालों का जवाब देना चाहिए। राठौड़ ने दो टूक कहा कि भाजपा में न तो अपराधियों को संरक्षण मिलता है और न ही भ्रष्टाचार को सहन किया जाता है। भाजपा की राजनीति विकास सुशासन और न्याय पर आधारित है और आगे भी जनता के विश्वास पर खरी उतरती रहेगी।

## ऑल इण्डिया इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल प्रतियोगिता खेलकर लौटी छात्राओं का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा / झुन्झुनूं।** स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान बालिका पी.जी. महाविद्यालय की छः छात्रा खिलाडियो का पण्डित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर की ओर से चयन होने पर एच.ए. नॉर्थ गुजरात यूनिवर्सिटी, पाटन गुजरात में आयोजित वेस्ट जॉन वॉलीबॉल प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल प्राप्त कर एस.आर.एम. यूनिवर्सिटी चेन्नई में आयोजित ऑल इण्डिया इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाग लिया। वेस्ट जॉन वॉलीबॉल प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल प्राप्त कर ऑल इण्डिया इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेकर लौटी खिलाड़ी छात्राओं व कोच का महाविद्यालय प्रांगण में सम्मान किया गया। संस्था निदेशक प्यारेलाल ढूकिया ने खेलकर लौटी खिलाड़ी छात्रा सृष्टि, निकिता प्रजापत, बबीता गोयल, दीया, सोनिया, ममता व कोच नीलम चौधरी का सम्मान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि निरन्तर अभ्यास व कठिन मेहनत से ही लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है, जो इन खिलाड़ी छात्राओं ने प्राप्त किया है और महाविद्यालय की अन्य छात्राओं को खिलाड़ी छात्राओं से प्रेरणा लेने व बढ़-चढ़कर खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सुमन जानू ने बताया कि महाविद्यालय में छात्राओं को खेल गतिविधियों के लिए उचित अवसर व माहौल दिया जाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय समस्त स्टाफ सदस्य व छात्राऐं उपस्थित रहे।



## अजमेर आरटीओ और ब्यावर डीटीओ कार्यालय में एसीबी का सर्च अभियान, इंस्पेक्टर जल सिंह मीणा के ठिकानों पर छापे

### ब्यावर में होटल शेर ए पंजाब में होता था अवैध वसूली का पूरा खेल, एक अन्य इंस्पेक्टर की गतिविधियों की भी की जा रही है जांच पड़ताल

जयपुर टाइम्स


**जयपुर(कासं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने गुरुवार को प्रदेश में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए अजमेर के आरटीओ और ब्यावर की डीटीओ कार्यालय में सर्च अभियान को अंजाम दिया एंटी करप्शन ब्यूरो की टीमों ने ब्यावर में परिवहन विभाग के डीटीओ कार्यालय में कई घंटे तक जांच पड़ताल की जिसमें इंस्पेक्टर जल सिंह मीणा के ठिकानों पर छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया गया। एंटी करप्शन ब्यूरो की और से खबर लिखे जाने तक जांच पड़ताल जारी थी लेकिन पता चला है कि ब्यावर स्थित होटल शेर ए पंजाब में अवैध वसूली का पूरा खेल होता था। इस खेल में परिवहन विभाग के कर्मचारियों के अलावा जल सिंह मीणा के कई दलाल थे जो इस खेल में लिप्त थे इसलिए एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम जल सिंह मीणा और परिवहन विभाग के उन कर्मचारियों को भी चिन्हित कर रही है जो अवैध वसूली के इस खेल में शामिल थे इसके अलावा परिवहन विभाग के इंस्पेक्टर्स के दलालों को भी चिन्हित किया जा रहा है जिसमें जल सिंह मीणा के लिए काम करने वाले लोगों का भी पता लगायाजा रहा है जानकारी के अनुसार ब्यावर डीटीओ कार्यालय में ही एक अन्य इंस्पेक्टर है जिसकी गतिविधियों की भी एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम जांच पड़ताल कर रही है जानकारी के अनुसार जल सिंह मीणा की अवैध वसूली को लेकर पुलिस महानिदेशक एंटी करप्शन ब्यूरो को लगातार शिकायत मिल रही थी इसलिए गुरुवार को एंटी करप्शन ब्यूरो के बड़े अधिकारियों ने अजमेर आरटीओ और ब्यावर डीटीओ कार्यालय में एक साथ छापामार कार्रवाई को अंजाम देने के कार्य योजना तैयार की और गुरुवार को अचानक एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम इन दोनों ही दफ्तरों में पहुंची टीमों की ओर से सघन जांच पड़ताल शुरू की गई इंस्पेक्टर जल सिंह मीणा को लेकर बड़ी संख्या में गंभीर शिकायतें मिली थी जल सिंह मीणा विजयनगर क्षेत्र में नियुक्त थे इसलिए उनके कार्य क्षेत्र में ब्यावर डीटीओ कार्यालय आता था इसलिए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों ने मिली शिकायतों के आधार पर सघन जांच पड़ताल शुरू की होटल शेर ए पंजाब में भी एसीबी की जांच पड़ताल जारी है होटल के कर्मचारियों से पूछताछ की गई है जिसमें कई बड़ी रोचक और विशेष जानकारियां एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों को मिली है ।

## शीत लहर से कांपा चूरू अंचल, पारा 5 डिग्री के करीब पहुंचा

### स्कूलों में बच्चों की छुट्टियां 10 तक बढ़ाई

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिले में शीतलहर का प्रकोप लगातार जारी है। गुरूवार को न्यूनतम तापमान 5.2 डिग्री व अधिकतम तापमान 15.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। क्षेत्र में इन दिनों हाड़कम्पा देने वाली ठंड पड़ रही है। जिला प्रशासन ने शीतलहर को देखते हुए स्कूली विद्यार्थियों की छुट्टियां 10 जनवरी तक बढ़ा दी है। गुरूवार को सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम हुई और पेड़-पौधों की पत्तियों पर ओस की बूंदें जम गईं। बुधवार शाम से ही बर्फीली हवाओं ने लोगों को ठिठुराकर रख दिया और देर रात तक घना कोहरा छा गया। बुधवार की तुलना में गुरुवार को न्यूनतम तापमान में 1.6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। कड़ाके की सर्दी से राहत पाने के लिए लोगों ने अलाव और गर्म कपड़ों का सहारा लिया। चाय की दुकानों पर भीड़ देखी गई। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि प्रदेश में आगामी एक सप्ताह तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। अगले दो-तीन दिनों तक राज्य के कुछ हिस्सों में सुबह के समय घना कोहरा और ठंड़ा दिन रहने की संभावना है। घने कोहरे के कारण ट्रेनें भी अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं, जिससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।



चूरूः गुरूवार को एक पेड़ की टहनियों पर जमा ओस का जाळा।

## पतंगबाजी से घायल पशु- पक्षियों के लिए चिकित्सा शिविर 13 से 15 जनवरी तक

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस )।** जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार मकर सक्रांति पर्व पर पतंगबाजी में घायल पक्षियों को सरंक्षण व चिकित्सा प्रदान करने के लिए जिले के शहरी क्षेत्र में बड़े स्तर पर पतंगबाजी की सम्भावनाओं के मध्यनजर 14 जनवरी, 2026 को सवेरे 7 बजे से सांय 07 बजे तक तथा 13 व 15 जनवरी, 2026 को आवश्यकतानुसार चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे।

पशुपालन संयुक्त निदेशक डॉ सुनील मेहरा ने बताया कि चिकित्सा शिविरों के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित कर डॉ बीआर बायल (मोबाइल नंबर 9829696407) व डॉ इम्तियाज खान (मोबाइल नंबर 8290578749)को प्रभारी नियुक्त किया गया है।

उन्होंने बताया कि जिले के चूरू नगरपरिषद में चूरू पॉलीक्लिनिक (हेल्पलाइन नंबर 9636049308), सुजानगढ़ नगरपरिषद में प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय (हेल्पलाइन नंबर 9413572961), सरदारशहर नगरपरिषद में प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय (हेल्पलाइन नंबर 9414400571), रतननगर नगरपालिका में प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय (हेल्पलाइन नंबर 9829706268), रतनगढ़ नगरपालिका में प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय (हेल्पलाइन नंबर 8290744192), राजलदेसर नगरपालिका में प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय (हेल्पलाइन नंबर 8852868660), बीदासर नगरपालिका में प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय (हेल्पलाइन नंबर 7568056711), छापर नगरपालिका में प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय (हेल्पलाइन नंबर 9460928140), तारानगर नगरपालिका में प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय (हेल्पलाइन नंबर 9660568852), राजगढ़ नगरपालिका में प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय (हेल्पलाइन नंबर 9001101676) में चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सभी ब्लॉक पशु चिकित्सा अधिकारियों को इस संबंध में विस्तृत निर्देश दिए गए है।

## मिडडे मील में 2000 2000 करोड रुपए का घोटाला, एसीबी ने 21 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान मिड डे मील योजना में करीब 2000 करोड रुपए के घोटाले घोटाले के मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो की एंट्री हो चुकी है एसीबी की ओर से इस प्रकरण में 21 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है जिसमें पिछली गहलोत सरकार में मंत्री रहे नेता जो अब भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बन चुके हैं उनके बेटे और रिश्तेदारों के खिलाफ भी मामला दर्ज हुआ है द्य इसके अलावा कई फर्मों से जुड़े प्रतिनिधियों ठेकेदारों इत्यादि के खिलाफ यह मामला दर्ज किया गया है द्य इस केस में कंफेड के बड़े अफसर और निजी संचालकों के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है जानकारी के अनुसार इस मामले में पूर्व मंत्री राजेंद्र यादव के बेटे और रिश्तेदारों के नाम एसीबी की ओर से दर्ज किए गए मामले में आरोपी लोगों की लिस्ट में है राजेंद्र यादव पूर्ववर्ती गहलोत सरकार में राज्य मंत्री थे और 2024 में हुए लोकसभा चुनाव से पहले इन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली थी वर्तमान में यादव भारतीय जनता पार्टी में शामिल हैंजयपुर के पास कोटपूतली के रहने वाले राजेंद्र यादव लंबे समय से राजनीति में हैं इसके अलावा कारोबारी भी हैं इनके दो बेटे हैं जिनके नाम माधुर यादव और त्रिभुवन यादव है एसीबी ने मिड डे मील घोटाले से जुड़ा जो केस दर्ज किया है उसमें माधुरी यादव और त्रिभुवन यादवके नाम शामिल है इसके अलावा कुछ रिश्तेदारों के नाम भी है जो अलग-अलग फर्म का काम का संभालते थे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार कई अफसर ने निजी फर्म के साथ दोस्ती करके नियमों में बदलाव किया और पात्र फर्म को दरकिनार करते हुए अपनी पसंद की फर्म को टेंडर दिए जिसमें भारी गड़बड़ियां लापरवाही और कमियां मिली हैं द्यउल्लेखनीय है कि पिछली गहलोत सरकार के समय राजेंद्र यादव गृह राज्य मंत्री थे मंत्री रहने के दौरान ही उनके आवास और ठिकानों पर इनकम टैक्स के छापे डाले गए थे जयपुर कोटपूतली उत्तराखंड सहित कुछ अन्य राज्यों में स्थित उनके ठिकानों पर इनकम टैक्स की छापामार कार्रवाई हुई थी इस छापामार कार्रवाई में 2 करोड़ 90 लाख रुपए की नगदी भी मिली थी कल 110 करोड रुपए की काली कमाई होने की जानकारी मिली थी

## पतंगबाजी का समय सवेरे 8 बजे से सायं 5 बजे तक निर्धारित

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक सुराणा ने आदेश जारी कर भारतीय नागरिक संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए विद्युत संचालन को बाधा रहित बनाए रखने तथा लोक स्वास्थ्य व पशु-पक्षियों के लिए बड़े पैमाने पर खतरा बन चुके नायलॉन, चाईनीज व धातु मिश्रित तथा सिंथेटिक एवं प्लास्टिक से बने और नॉन-बायोडिग्रेडेबल मांझे या धागे की चूरू राजस्व जिले के क्षेत्राधिकार में थोक व खुदरा बिक्री एवं उपयोग पर पूर्णतया निषेध कर प्रतिबंध लगाया है। इसी के साथ आमजन के स्वास्थ्य व पशु-पक्षियों को नुकसान से बचाने के लिए पतंगबाजी उड़ाने का समय सवेरे 08 बजे से सायं 05 बजे निर्धारित किया जाकर सवेरे 06 से 08 तथा सायं 05 से 07 बजे तक की अवधि में पतंगबाजी करने पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध लगाया गया है। जारी आदेशानुसार कोई भी व्यक्ति/संस्था यदि उपरोक्त प्रकार के मांझों का निर्माण, विपणन, उपयोग, भण्डारण, विक्रय या परिवहन करेगा तो उसके विरूद्ध यथा प्रचलित सम्यक् कानून के तहत् कार्यवाही की जाएगी। आदेश की अवमानना भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा तथा अवहेलना करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध नियमानुसार अभियोग चलाया जाएगा। यह आदेश 31 जनवरी, 2026 तक प्रभावी रहेगा।

# बांग्लादेश में लोकतंत्र और मानवाधिकार गंभीर संकट में: विधानसभा अध्यक्ष

जयपुर टाइम्स

**कोटा(निसं.)।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय में 'बांग्लादेश में मानवाधिकार एवं लोकतंत्र' विषय पर आयोजित विशेष व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में लोकतांत्रिक प्रणाली गंभीर संकट से गुजर रही है और वहां अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर अत्याचार की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान हालात यह संकेत दे रहे हैं कि बांग्लादेश में लोकतंत्र कमजोर पड़ चुका है और कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक



बनी हुई है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि वर्ष 1971 में शेख मुजीबुर्रहमान के नेतृत्व में हुए आंदोलन के बाद बांग्लादेश एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अस्तित्व में आया था, जिसमें भारत की भूमिका ऐतिहासिक और निर्णायक रही। स्वतंत्रता के बाद से भारत ने बांग्लादेश को हर स्तर पर सहयोग दिया, लेकिन हालिया घटनाक्रमों ने वहां की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने आशंका जताई कि भले ही चुनावों की घोषणा की गई हो, लेकिन मौजूदा माहौल में उनके स्वतंत्र और निष्पक्ष होने की संभावना बहुत कम है। देवनानी ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं की संपत्तियों को निशाना बनाया जा रहा है, घरों में आगजनी की जा रही है और हत्या जैसी घटनाएं भी सामने आ रही हैं। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2025 में मंदिरों पर हमले, तोड़फोड़ और अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हिंसा की 258 घटनाएं दर्ज हुई हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि मानवाधिकारों की बात करने वाले कई देश और अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं इन गंभीर घटनाओं पर मौन क्यों साधे हुए हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और पड़ोसी देश होने के नाते बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारा नैतिक और कूटनीतिक दायित्व है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ अथवा किसी स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय एजेंसी की निगरानी में बांग्लादेश में निष्पक्ष चुनाव कराने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, ताकि वहां लोकतंत्र और मानवाधिकारों की रक्षा हो सके। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. बीएल वर्मा ने विषय की भूमिका रखते हुए बांग्लादेश में मानवाधिकारों के हनन पर चिंता व्यक्त की और विश्व समुदाय से हस्तक्षेप का आह्वान किया। विधानसभा अध्यक्ष ने इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डिजिटल न्यूज लेटर 'मीरा' का विमोचन भी किया। इसके पश्चात विधानसभा अध्यक्ष लाडपुरा क्षेत्र के काला तालाब में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भागवत कथा से मन निर्मल होता है और परोपकार व सेवा की भावना जागृत होती है। कथा स्थल पर आरती में भाग लेते हुए उन्होंने उत्तम स्वामी जी महाराज का सम्मान किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## कहानी

### अभागा बुनकर

एक नगर में सोमिलक नाम का जुलाहा रहता था। विविध प्रकार के रंगीन और सुन्दर वस्त्र बनाने के बाद भी उसे भोजन-वस्त्र मात्र से अधिक धन कभी प्राप्त नहीं होता था। अन्य जुलाहे मोटा-सादा कपड़ा बुनते हुए धनी हो गये थे। उन्हें देखकर एक दिन सोमलिक ने अपनी पत?नी से कहा--- 'प्रिये ! देखो, मामूली कपड़ा बुनने वाले जुलाहों ने भी कितना धन-वैभव संचित कर लिया है और मैं इतन सुन्दर, उत्कृष्ट वस्त्र बनाते हुए भी आज तक निर्धन ही हूँ। प्रतीत होता है यह स्थान मेरे लिये भाग्यशाली नहीं है; अतः विदेश जाकर धनोपार्जन करूँगा।'

सोमिलक-पत?नी ने कहा--- 'प्रियतम ! विदेश में धनोपार्जन की कल्पना मिथ्या स्वप्न से अधिक नहीं। धन की प्राप्ति होनी हो तो स्वदेश में ही हो जाती है। न होनी हो तो हथेली में आया धन भी नष्ट हो जाता है। अतः यहीं रहकर व्यवसाय करते रहो, भाग्य में लिखा होगा तो यहीं धन की वर्षा हो जायगी।'

सोमिलक--- 'भाग्य-अभाग्य की बातें तो कायर लोग करते हैं। लक्ष्मी उद्योगी और पुरुषार्थी शेर-नर को ही प्राप्त होती है। शेर को भी अपने भोजन के लिये उद्यम करना पड़ता है। मैं भी उद्यम करूँगा; विदेश जाकर धन-संचय का यत?न करूँगा।'

यह कहकर सोमिलक वर्धमानपुर चला गया। वहाँ तीन वर्षों में अपने कौशल से 300 सोने की मुहरें लेकर वह घर की ओर चल दिया। रास्ता लम्बा था। आधे रास्ते में ही दिन ढल गया, शाम हो गई। आस-पास कोई घर नहीं था। एक मोटे वृक्ष की शाखा के ऊपर चढ़कर रात बिताई। सोते-सोते स्वप्न आया कि दो भयंकर आकृति के पुरुष आपस में बात कर रहे हैं। एक ने कहा ---- 'हे पौरुष ! तुझे क्या मालूम नहीं है कि सोमिलक के पास भोजन-वस्त्र से अधिक धन नहीं रह सकता; तब तूने इसे 300 मुहरें क्यों दीं ?' दूसरा बोला---- 'हे भाग्य ! मैं तो प्रत्येक पुरुषार्थी को एक बार उसका फल दूंगा ही। उसे उसके पास रहने देना या नहीं रहने देना तेरे अधीन है।'

स्वप्न के बाद सोमिलक की नींद खुली तो देखा कि मुहरों का पात्र खाली था। इतने कष्टों से संचित धन के इस तरह लुप्त हो जाने से सोमिलक बड़ा दुःखी हुआ, और सोचने लगा--- 'अपनी पत?नी को कौनसा मुख दिखाऊँगा, मित्र क्या कहेंगे ?' यह सोचकर वह फिर वर्धमानपुर को ही वापिस आ गया। वहाँ दित-रात घोर परिश्रम करके उसने वर्ष भर में ही 500 मुहरें जमा करलीं। उन्हें लेकर वह घर की ओर जा रहा था कि फिर आधे रास्ते में रात पड़ गई। इस बार वह सोने के लिये ठहरा नहीं; चलता ही गया। किन्तु चलते-चलते ही उसने फिर उन दोनों---पौरुष और भाग्य---को पहले की तरह बात-चीत करते सुना। भाग्य ने फिर वही बात कही कि---- 'हे पौरुष ! क्या तुझे मालूम नहीं कि सोमिलक के पास भोजन वस्त्र से अधिक धन नहीं रह सकता। तब, उसे तूने 500 मुहरें क्यों दीं ?' पौरुष ने वही उत्तर दिया ---- 'हे भाग्य ! मैं तो प्रत्येक व्यवसायी को एक बार उसका फल दूंगा ही, इससे आगे तेरे अधीन है कि उसके पास रहने दे या छीन ले।' इस बात-चीत के बाद सोमिलक ने जब अपनी मुहरों वाली गठरी देखी तो वह मुहरों से खाली थी।

इस तरह दो बार खाली हाथ होकर सोमिलक का मन बहुत दुःखी हुआ। उसने सोचा---- 'इस धन-हीन जीवन से तो मृत्यु ही अच्छी है। आज इस वृक्ष की टहनी से रस्सी बाँधकर उस पर लटक जाता हूँ और यहीं प्राण दे देता हूँ।'


गले में फन्दा लगा, उसे टहनी से बाँध कर जब वह लटकने ही वाला था कि उसे आकाश-वाणी हुई--- 'सौमिलक ! ऐसा दुःसाहस मत कर। मैंने ही तेरा धन चुराया है। तेरे भाग्य में भोजन-वस्त्र मात्र से अधिक धन का उपभोग नहीं लिखा। व्यर्थ के धन-संचय में अपनी शक्तियाँ नष्ट मत कर। घर जाकर सुख से रह। तेरे साहस से तो मैं प्रसन्न हूँ ; तू चाहे तो एक वरदान माँग ले। मैं तेरी इच्छा पूरी करूँगा।'

सोमिलक ने कहा ---- 'मुझे वरदान में प्रचुर धन दे दो।'

अदृष्ट देवता ने उत्तर दिया---- 'धन का क्या उपयोग ? तेरे भाग्य में उसका उपभोग नहीं है। भोग-रहित धन को लेकर क्या करेगा ?'

# कूटनीति में बौद्ध विरासत का उपयोग

*भारत से निकले असंख्य ज्ञानी भिक्षुओं के कारण बौद्ध धर्म दुनिया के अनेक देशों में प्रचलित और स्वीकार्य है। चूंकि दक्षिण पूर्वी एशिया में शासक आपसी संवाद में बौद्ध धर्म को बहुत महत्व देते थे, इसलिए विश्व सुलह और शांति के लिए बौद्ध धर्म का उपयोग स्वाभाविक है। वर्तमान एशिया में लगभग 45 करोड़ बौद्ध रहते हैं, जिसकी वजह से बौद्ध धर्म एक साफ्ट पावर है। भारत से ही बौद्ध धर्मावलंबी तिब्बत, चीन, जापान, कोरिया, श्रीलंका, थाईलैंड, लाओस और वियतनाम आदि गए। बौद्ध धर्म पर आधारित कूटनीति चलाना भारत के लिए नई बात नहीं है। मनमोहन सरकार ने नालंदा विश्वविद्यालय की नींव रखी थी। इस विश्वविद्यालय का एक उद्देश्य शास्त्रीय भाषा पाली का प्रचार-प्रसार करना और एशिया से छात्रों और शोधकर्ताओं को भारत आकर्षित करना भी है। बौद्ध धर्म का कूटनीतिक उपयोग मोदी सरकार का एक अंग बन गया है। इस संदर्भ में यह ठीक ही कहा गया है कि कि मोदी सरकार की नीति है-हिंदू संस्कृति, बौद्ध विरासत। पिपरहवा अवशेषों की कहानी भी दिलचस्प है। 1898 में अमूल्य रत्न उत्तर प्रदेश के पिपरहवा में अंग्रेज जमींदार विलियम पेप को मौर्यकालीन स्तूप की खोदाई में मिले। उनके साथ कुछ अस्थि-अवशेष एक कलश में पाए गए, जिस पर प्राचीन ब्राह्मी में उत्कीर्ण था कि स्वयं भगवान बुद्ध के शाक्य कुल के सदस्यों ने इसे यहां रखा है। अंग्रेजों ने कुछ रत्न श्याम (प्राचीन थाईलैंड) के*



बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में भगवान बुद्ध से संबंधित पिपरहवा पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष केवल कलाकृतियां नहीं हैं। ये हमारी विरासत एवं सभ्यता का अभिन्न हिस्सा हैं और भारत इसका संरक्षक है। पिपरहवा अवशेषों को एक सदी से अधिक समय बाद देश वापस लाया गया है। भारत लाए जाने के बाद इन अवशेषों को रूस के काल्मिकिया क्षेत्र में ले जाया गया, जहां 1.5 लाख से अधिक भक्तों ने उनका अवलोकन किया। इसके अलावा उन्हें भूटान, वियतनाम, कंबोडिया, थाईलैंड भी ले जाया गया।

भारत से निकले असंख्य ज्ञानी भिक्षुओं के कारण बौद्ध धर्म दुनिया के अनेक देशों में प्रचलित और स्वीकार्य है। चूंकि दक्षिण पूर्वी एशिया में शासक आपसी संवाद में बौद्ध धर्म को बहुत महत्व देते थे, इसलिए विश्व सुलह और शांति के लिए बौद्ध धर्म का उपयोग स्वाभाविक है। वर्तमान एशिया में लगभग 45 करोड़ बौद्ध रहते हैं, जिसकी वजह से बौद्ध धर्म एक साफ्ट पावर है। भारत से ही बौद्ध धर्मावलंबी तिब्बत, चीन, जापान, कोरिया, श्रीलंका, थाईलैंड, लाओस और वियतनाम आदि गए। बौद्ध धर्म पर आधारित कूटनीति चलाना भारत के लिए नई बात नहीं है। मनमोहन सरकार ने नालंदा विश्वविद्यालय की नींव रखी थी। इस विश्वविद्यालय का एक उद्देश्य शास्त्रीय भाषा पाली का प्रचार-प्रसार करना और एशिया से छात्रों और शोधकर्ताओं को भारत आकर्षित करना भी है। बौद्ध धर्म का कूटनीतिक उपयोग मोदी सरकार का एक अंग बन गया है। इस संदर्भ में यह ठीक ही कहा गया है कि कि मोदी सरकार की नीति है-हिंदू संस्कृति, बौद्ध विरासत। पिपरहवा अवशेषों की कहानी भी दिलचस्प है। 1898 में अमूल्य रत्न उत्तर प्रदेश के पिपरहवा में अंग्रेज जमींदार विलियम पेप को मौर्यकालीन स्तूप की खोदाई में मिले। उनके साथ कुछ अस्थि-अवशेष एक कलश में पाए गए, जिस पर प्राचीन ब्राह्मी में उत्कीर्ण था कि स्वयं भगवान बुद्ध के शाक्य कुल के सदस्यों ने इसे यहां रखा है। अंग्रेजों ने कुछ रत्न श्याम (प्राचीन थाईलैंड) के बौद्ध नरेश को उपहार में दिए, कुछ श्रीलंका और म्यांमार के बौद्ध मंदिरों में भेजे और एक हिस्सा कोलकाता के संग्रहालय में रखा और करीब 334 रत्नाभूषण जमींदार पेप ने अपने पास रखे। इन्हें बीते साल उनके वंशजों ने एक नीलामी घर सूथबीज को बोली लगाने के लिए सौंप दिया। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने सूथबीज को नोटिस भेज नीलामी रुकवाई और गोदरेज समूह ने इस अमूल्य धरोहर को भारत लाने में आर्थिक योगदान दिया, पर हर देश ऐसा नहीं कर पाता।

कोरियाई युद्ध के बाद हजारों-हजार बौद्ध पुरावशेष चोर बाजार में हाथों-हाथ बिके। कोरिया में बौद्ध धर्म का सबसे तेजी से ह्रास हुआ है, पर अपने आसपास के बौद्ध देशों से मैत्रीपूर्ण संबंध रखने के लिए बड़े पैमाने पर वहां बौद्ध गोष्ठियां होती हैं। कभी चोल साम्राज्य और तदनंतर भारतीय सांस्कृतिक प्रभाव में रहे दक्षिण-पूर्वी एशिया देशों की हमने उपेक्षा की। इसका फायदा पहले पश्चिमी देशों और फिर चीन ने उठाया। 2000 में मीकांग-गंगा कोआपरेशन के तहत भारत ने पांच आसियान देशों कंबोडिया, लाओस, म्यांमार, थाईलैंड और वियतनाम के पर्यटन, संस्कृति, शिक्षा के साथ-साथ परिवहन और संचार क्षेत्र में सहयोग की पहल की।

आज ब्रिटेन, जर्मनी और अमेरिका में कई संसाधनसंपन्न विश्वविद्यालय बौद्ध धर्म और पाली के पठन-पाठन के माध्यम से अपने राजनीतिक हित पूरे कर रहे हैं। इससे बौद्ध धर्म के अध्ययन में अप्रासंगिक त्रुटियां घर कर जाने का खतरा है, जो चिंताजनक है। हमें यह समझना चाहिए कि दक्षिण-पूर्वी एशिया में बौद्ध धर्म पालन और संरक्षण में हमारी स्वाभाविक और निर्णायक भूमिका है। हम इसकी अनदेखी नहीं कर सकते कि अफगानिस्तान और पाकिस्तान की गांधार सभ्यता और उसकी शैव और बौद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत भारत की है।

अपने बौद्ध स्थलों का हवाला देते हुए कुछ समय पहले पाकिस्तानी राजदूत नबील मुनीर ने कहा था कि बौद्ध धर्म पाकिस्तान से कोरिया गया और वहां प्रचलित महायान बौद्ध धर्म का उद्भव भी पाकिस्तान में ही हुआ। भारत अगर पाकिस्तान की ऐसी कुटिलता का प्रत्युत्तर नहीं देगा और बौद्ध धर्म को हिंदू धर्म नामक वृक्ष की ही एक डाली नहीं कहेगा, तो पाकिस्तान हमारी अनमोल विरासत को हथिया सकता है। बौद्ध धर्म का सर्वेसर्वा बनने के लिए चीन भी हाथ-पांव मार रहा है। दरअसल जब भारत अपना भविष्य यूरोप और अमेरिका में देख रहा था, तब बौद्ध धर्म के सहारे चीन एशिया में अपने पांव जमा रहा था।

भारत को आज ज्यादा से ज्यादा मित्र राष्ट्रों की आवश्यकता है। इस आवश्यकता की पूर्ति में बौद्ध धर्म पर आधारित कूटनीति बहुत कारगर हो सकती है। इसका भरपूर उपयोग किया जाना चाहिए, ताकि हम वैश्विक स्तर पर बौद्ध धर्म से प्रभावित जनता की सद्भावना आकर्षित कर सकें।

## सम्पादकीय

### सड़कों से सत्ता तक अराजकता और टारगेटेड हमले



बांग्लादेश में पिछले कुछ महीनों से जिस तरह की अराजकता बेलगाम होती देखी जा रही है, उससे साफ है कि बदलाव की मांग के साथ वहां जो आंदोलन शुरू हुआ था, वह अब दिशाहीन हो चुका है। अब वहां हो रही लक्षित हिंसा की घटनाएं व्यापक चिंता का कारण बन रही हैं। गौरतलब है कि पिछले दो दिनों में जिन दो लोगों की हत्या कर दी गई, उनकी सामुदायिक पहचान हिंदू थी। सोमवार रात को वहां के नरसिंगदी शहर में अज्ञात हमलावरों ने एक किराना दुकान के चालीस वर्षीय मालिक की हत्या कर दी। इस घटना से कुछ घंटे पहले ही जेस्सोर जिले में एक अन्य व्यापारी की सिर में गोली मार कर जान ले ली गई, जो एक अखबार के कार्यवाहक संपादक भी थे। इसके अलावा, एक विधवा से सामूहिक बलात्कार, उसका निर्मम उत्पीड़न करने और उसका वीडियो बना कर जारी कर देने की भी खबर आई। इससे पहले भी वहां हिंदू पहचान को निशाना बना कर हत्या की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। साफ है कि बांग्लादेश में जारी हिंसा और अफरा-तफरी अब किसी खास एजंडे के तहत हो रही लगती है। वरना क्या कारण है कि एक ही प्रकृति की घटनाएं लगातार सामने आने और इसी वजह से नई जटिलताएं खड़ी होने के बावजूद वहां की अंतरिम सरकार इसे रोकने को लेकर कुछ भी ठोस कदम नहीं उठा रही है। यह बेवजह नहीं है कि लगातार और सरेआम हो रही हत्या की घटनाओं से स्थानीय अल्पसंख्यक समुदायों के आम लोगों और व्यापारियों के बीच असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। अशांति और हिंसा की घटनाओं में तेजी की तात्कालिक वजह जुलाई, 2024 के विद्रोह के एक प्रमुख नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या हो सकती है, जो भारत का कट्टर आलोचक भी था। सवाल है कि अगर हादी का मकसद देश को बदलना था, तो क्या उसका रास्ता यह होगा कि वहां के अल्पसंख्यक तबकों और खासतौर पर चुन कर हिंदू पहचान वाले निर्दोष लोगों की हत्या की जाए? फिर अगर अराजकता का यह सिलसिला जारी रहता है और वहां की सरकार तथा कानून-व्यवस्था संभालने वाली एजंसियां ऐसी घटनाओं को रोक नहीं पाती हैं, तो इसके क्या मायने निकाले जाएंगे? बांग्लादेश में तत्कालीन शेख हसीना सरकार के खिलाफ विद्रोह की घोषित वजहें चाहे जो रही हों, लेकिन आज वहां भीड़तंत्र जिस तरह हावी होता दिख रहा है, वह खुद बांग्लादेश के लिए चिंता की बात होनी चाहिए। धार्मिक पहचान को आधार बना कर हत्या या बलात्कार की घटनाओं के दौरान स्थानीय लोग जिस तरह अराजक होते या जैसी प्रतिक्रियाएं देते दिखते हैं, वह कुछ समूहों के दिशाहीन और संवेदनहीन हो जाने का संकेत तो है ही, जघन्य अपराधों के बेलगाम होते जाने को नहीं रोक पाना दरअसल शासन के नाकाम हो जाने का भी सबूत है। अगर अब भी वहां शांति और लोकतंत्र की बहाली के लिए ठोस कवायद नहीं हुई, अल्पसंख्यक समुदायों के बीच फैली असुरक्षा की भावना बनी रही, तो इसका खमियाजा समूचे देश को उठाना पड़ सकता है। सही है कि लक्षित तौर पर हिंसा करने वालों के बरक्स वहां अब भी वैसे लोग हैं, जो अल्पसंख्यक समुदायों को निशाना बनाने पर चिंता जाहिर करते हैं।

# सोमनाथ मंदिर हमारी सभ्यतागत चेतना का प्रतीक

*छत्रपति शिवाजी महाराज के हिंदवी स्वराज्य के संकल्प से लेकर ज्योतिर्लिंगों की मर्यादा की रक्षा तक, यह यात्रा निरंतर जारी रही। स्वराज की इस लौ को छत्रपति शिवाजी महाराज से लेकर मेरे पूर्वज महाराजा महादजी सिंधिया जैसे हजारों योद्धाओं ने अनवरत अपने शौर्य से जलाए रखा। इस ऐतिहासिक अन्याय के विरुद्ध एक सशक्त प्रतिकार अठारहवीं शताब्दी में तब देखने को मिला, जब महाराजा महादजी सिंधिया की शक्ति ने भारत के स्वाभिमान को पुनर्जीवित किया। पानीपत के तृतीय युद्ध (1761) की भीषण त्रासदी के पश्चात, जब महादजी महाराज ने अपने परिवार के सोलह सदस्यों को खोया तो यह मराठाओं की शक्ति के अस्तित्व की कठोर परीक्षा थी। तब महादजी महाराज ने अदम्य धैर्य, निरंतर संघर्ष और दूरदर्शी रणनीति के बल पर 10 फरवरी, 1771 को दिल्ली के लालकिले पर मराठा-भगवा ध्वज फहराया।*



सोमनाथ मंदिर के विध्वंस के एक हजार वर्ष पूर्ण होना हमें उस शाश्वत चेतना का स्मरण कराता है, जिसने सदियों से भारत के आत्मा को पोषित किया। सोमनाथ की यह यात्रा प्रमाण है कि हमारी सभ्यतागत चेतना वह 'अक्षयवट' है, जिसे कोई भी आक्रांता नष्ट नहीं कर सका। महमूद गजनवी द्वारा इस पवित्र मंदिर पर किया गया आक्रमण मात्र एक स्थापत्य संरचना पर आघात नहीं, बल्कि वह उस गौरवशाली सभ्यतागत पहचान को नष्ट करने का कुत्सित प्रयास था, जो युगों-युगों से इस पुण्यभूमि को भारत के रूप में परिभाषित करती आई है। वर्ष 1026 का वह घाव गहरा था, जिसने न केवल मंदिर की शिलाओं को खंडित किया, बल्कि राष्ट्रीय आत्मसम्मान को भी चुनौती दी थी। हालांकि समय की धारा ने यह सिद्ध किया कि भारत की सांस्कृतिक चेतना कभी समाप्त नहीं होती।

छत्रपति शिवाजी महाराज के हिंदवी स्वराज्य के संकल्प से लेकर ज्योतिर्लिंगों की मर्यादा की रक्षा तक, यह यात्रा निरंतर जारी रही। स्वराज की इस लौ को छत्रपति शिवाजी महाराज से लेकर मेरे पूर्वज महाराजा महादजी सिंधिया जैसे हजारों योद्धाओं ने अनवरत अपने शौर्य से जलाए रखा। इस ऐतिहासिक अन्याय के विरुद्ध एक सशक्त प्रतिकार अठारहवीं शताब्दी में तब देखने को मिला, जब महाराजा महादजी सिंधिया की शक्ति ने भारत के स्वाभिमान को पुनर्जीवित किया। पानीपत के तृतीय युद्ध (1761) की भीषण त्रासदी के पश्चात, जब महादजी महाराज ने अपने परिवार के सोलह सदस्यों को खोया तो यह मराठाओं की शक्ति के अस्तित्व की कठोर परीक्षा थी।

तब महादजी महाराज ने अदम्य धैर्य, निरंतर संघर्ष और दूरदर्शी रणनीति के बल पर 10 फरवरी, 1771 को दिल्ली के लालकिले पर मराठा-भगवा ध्वज फहराया। यह विजय मात्र एक नगर की प्राप्ति नहीं, बल्कि मराठा-सनातन स्वाभिमान और राजनीतिक प्रभुत्व की पुनः स्थापना का प्रतीक भी थी। वर्ष 1771 से 1803 तक दिल्ली पर सिंधिया वंश का प्रभावी नियंत्रण रहा। वर्ष 1785 में महाराजा महादजी सिंधिया ने दिल्ली विजय के बाद लाहौर विजय अभियान आरंभ किया। उन्होंने सिखों के साथ रणनीतिक गठबंधन और स्थानीय समर्थन के बल पर सशक्त युद्धनीति अपनाई। 29 मई, 1785 को दिल्ली से भारी तोपखाने के साथ लाहौर की ओर कूच करते हुए उन्होंने अफगान गढ़ी को घेर लिया। जुलाई में हुए लगातार संघर्षों में अफगान सेनापति शाह गुलजार हुसैन, परवेज खान और अशरफ अली मारे गए। मानसून के बाद सितंबर में निर्णायक विजय मिली और मोहम्मद शाह अब्दाली को मराठाओं की अधीनता स्वीकार करनी पड़ी। इस विजय के साथ अटक से कटक तक और प्रयागराज से भरूच तक 'हिंदवी स्वराज्य' की सुदृढ़ और प्रतिष्ठित स्थापना हुई। 1785 का लाहौर युद्ध महाराजा महादजी सिंधिया की अद्वितीय सैन्य कुशलता का प्रमाण था, जिसने अफगान सेनाओं में भय उत्पन्न किया। उनके शासन में मराठा साम्राज्य अटक से कटक तथा भरूच से प्रयागराज तक विस्तृत हुआ और भगवा ध्वज सर्वत्र लहराया। इस बार लाहौर की धरती पर उन्होंने विजय पताका फहराई और अफगान सेनाओं को सिंधु के पार खदेड़ा। इस युद्ध में महादजी महाराजा ने सदियों पहले 1026 ईस्वी में सोमनाथ पर किए गए उस आघात का वह सभ्यतागत प्रतिशोध लिया, जिसने भारत के आत्मा पर गहरी चोट की थी।

महाराजा महादजी सिंधिया लाहौर में मोहम्मद शाह अब्दाली के महल से वे ऐतिहासिक चांदी के द्वार वापस लेकर आए, जिन्हें गजनवी सोमनाथ से लूटकर ले गया था।

# अमेरिका की अराजकता

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने जिस तरह यह कहा कि वेनेजुएला अमेरिका को पांच करोड़ बैरल तेल देगा और उसकी बिक्री वे खुद करेंगे, वह उनकी मनमानी का एक और शर्मनाक उदाहरण है। इससे यही सिद्ध होता है कि वेनेजुएला पर अमेरिकी सेनाओं के हमले का मूल उद्देश्य इस देश के तेल संसाधन पर कब्जा करना ही था। वे इस कब्जे को लेकर जिस तरह कोई शर्म-संकोच नहीं कर रहे हैं, उससे यही पता चलता है कि उन्हें अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों की कोई परवाह नहीं। वे सैन्य शक्ति के मद में चूर होकर यह देखने से भी इन्कार कर रहे हैं कि उनकी अराजकता किस तरह विश्व को संकट की ओर धकेल रही है। वे अपनी हरकतों से विश्व के दबंग देशों को मनमानी करने का लाइसेंस दे रहे हैं। उनके रवैये से विश्व में उथलपुथल मच



सकती है और कुछ नए युद्ध भी छिड़ सकते हैं। खुद को शांति का मसीहा बताने और इसी बहाने नोबेल पुरस्कार की चाह रखने वाले ट्रंप दुनिया को अशांत और अस्थिर करने का काम जिस बेशर्मी से कर रहे हैं, वह उन्हें भी महंगा पड़ सकता है, क्योंकि एक के बाद एक देश उनसे आजिज आ रहे हैं। उन्होंने जिस तरह डेनमार्क के अर्द्ध स्वायत्त क्षेत्र ग्रीनलैंड पर बलपूर्वक कब्जा करने की धमकी दी, उसके बाद वे यूरोपीय देश भी उनसे खफा हैं, जो हर बात में उनकी हां में हां मिलाते थे। अब इन देशों को यह समझ आ जाए तो अच्छा कि अहंकारी ट्रंप अपने मित्र देशों के भी सगे नहीं। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि ट्रंप कूटनीतिक शिष्टाचार को धता बताकर भारतीय प्रधानमंत्री समेत अन्य अनेक शासनाध्यक्षों पर तंज कस रहे हैं। उनके बड़बोलेपन से यह नहीं लगता कि निकट भविष्य में भारत और अमेरिका के बीच कोई व्यापार समझौता हो पाएगा। ट्रंप भले ही ड्रग्स तस्करी पर रोक लगाने और लोकतांत्रिक शक्तियों को बल देने की आड़ ले रहे हों, लेकिन उनकी मनमानी का मूल कारण डालर के प्रभुत्व को कायम रखना है। डालर के दबदबे के पीछे एक बड़ी भूमिका तेल व्यापार में अमेरिकी मुद्रा का चलन है। चूंकि अमेरिका एक लंबे समय से मनमानी करता चला आ रहा है, इसलिए विश्व के देशों ने डालर से दूरी बनानी शुरू की। जब इराक और लीबिया ने ऐसा किया तो उन पर हमला किया गया। वेनेजुएला ने भी डालर के बजाय अन्य मुद्राओं में तेल बेचना शुरू कर दिया था। हालांकि तेल बिक्री-खरीद में रूस और चीन भी डालर से परहेज कर रहे हैं, लेकिन ट्रंप का इन देशों पर जोर नहीं , इसलिए वे कमजोर देशों को अपना निशाना बना रहे हैं। वे यह नहीं देख पा रहे कि उनके अराजक रवैये से डालर का वर्चस्व कायम नहीं रहने वाला, क्योंकि उनकी दादागीरी विश्व को डालर में व्यापार न करने के लिए ही विवश कर रही है।

## मंडावा में बेतरतीब वाहन खड़े होने से आए दिन लगता है जाम



जयपुर टाइम्स

**मंड़ावा(निस)।** मंड़ावा कस्बे का हृदय स्थल सुभाष चौक से राणी सती मन्दिर तक की मुख्य सड़क व बाजार में पार्किंग व्यवस्था के अभाव में दुपहिया से लेकर बड़े वाहन बेतरतीब खड़े रहते हैं। वाहनों के आड़े-तिरछे खड़े रहने से एक ओर राहगीरों को आने-जाने में परेशानी होती है वहीं दूसरी ओर यातायात व्यवस्था प्रभावित रहती है। मुख्य बाजार में हर समय जाम की स्थिति बन जाती है। घंटों जाम में वाहन चालक फंसे रहते हैं, लेकिन यातायात व्यवस्था सुधारने व बाजार में पार्किंग स्थल तय करने में प्रशासन कोई रूचि नहीं दिखा रहा है। बाजार में यातायात व्यवस्था बदहाल है। जहां दुकानदारों ने सीमा से अधिक सामान को सड़क पर बिछा रखा है वहीं ग्राहक भी जगह नहीं मिलने पर बीच सड़क पर ही वाहन छोड़ चले जाते हैं। ऐसे में राहगीरों व अन्य वाहन चालकों को आवागमन में दिक्कतें होती हैं। अनेक नो-पार्किंग स्थल पर अक्सर वाहन खड़े हुए दिखाते देंगे, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।


## टोडरवास में आम रास्ते को अतिक्रमण से करवाया मुक्त



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** ग्राम पंचायत टोडरवास में गुरुवार को मौजास सीमा तक आम रास्ते को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है। तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर के आदेश अनुसार गिरदावर सुभाष चन्द्र, विजय काला पटवारी संजीव पूनिया पटवारी व सरपंच मुकेश झाझडिया के समझाइश बाद सभी किसानों ने 7 मीटर रास्ता अतिक्रमण मुक्त पर सहमति बनी जो रास्ता काफी सालों से अतिक्रमण कर रखा था। इस पर चिमन सिंह, बालू राम डांगी, प्रहलाद सिंह, नरेंद्र,रामपाल, करनीराम, महावीर सिंह, राजेंद्र, दिलीप सिंह,श्री राम,बने सिंह,मातु सिंह जगदीश, भगवान सिंह, पप्पू सिंह, सुरेंद्र मीणा सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## शिव मंदिर के पीछे कूड़े का अंबार



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** सांगानेर क्षेत्र के मंदरामपुरा बाईपास के अन्दर शिवराज कालोनी ई वार्ड नं 96 में चौराहे रोड पर स्थित शिव मंदिर के पीछे कई महीनों से कूड़े का अंबार लगा हुआ है। इस कचरे को गायें खाकर निराश्रित गायें बिमार हो रही है कूड़े के ढेर के कारण मंदिर में पूजा करने आने वाले श्रद्धालुओं और आस-पास के निवासियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। गंदागंज और आसपास के लोग ओर दुकानदार भी अपना कूड़ा यहीं डालते हैं। जिससे पूरे क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है, जिससे स्थानीय निवासियों को परेशानी हो रही है।


### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोमल (KOMAL) मेरी पुत्री है जो कि कक्षा - 8 में अध्ययनरत है। अब इसका सही नाम विद्यालय में KOMAL SAINI करवाना चाहती हूँ व इसके पिता का नाम RATANLAL की जगह सही नाम RATANLAL PANWAR व माता नाम SARITA की जगह SARITA SAINI करवाना चाहती हूँ इन सभी छात्र नाम, पिता नाम, माता नाम में परिवर्तन की भविष्य में संपूर्ण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की रहेगी।

**सरिता सैनी पत्नी रतनलाल पंवार**
**निवासी बीदासर जिला - चूरू (राज.) 331501**

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अब्दुल मलिक भुट्टा मेरा पुत्र हैं जो कि कक्षा - 5 में अध्ययनरत है मेरा पुत्र का प्रवेश के समय पिता का नाम रफीक भुट्टा ( RAFIK BHUTTA) लिखवाया था अब इसका विद्यालय रिकार्ड में पिता का नाम RAFIQ BHUTTA सही नाम लिखवाना चाहती हूं और माता का नाम तबसुम बानो (TABSUM BANO) की जगह सही नाम तबससुम (TABASSUM ) लिखवाना चाहती हूं जिसके पिता नाम का व माता नाम का परिवर्तन की भविष्य में सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की रहेगी।

**तबससुम पत्नी रफीक भुट्टा**
**निवासी - बीदासर, जिला - चूरू राजस्थान (33501)**

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आसीब मेरा पुत्र हैं जो कि कक्षा - 8 में अध्ययनरत है । मेरा पुत्र का विद्यालय में प्रवेश के समय माता का नाम NASIM लिखवाया था अब मैं इसकी माता का नाम NASIB JANNAT दस्तावेजों के आधार पर विद्यालय के रिकॉर्ड में सही अंकित करवाना चाहता हूं। जिसकी माता नाम की परिवर्तन की भविष्य में सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की रहेगी।

**रसीद पुत्र निवाज**
**निवासी - बीदासर, जिला - चूरू राजस्थान (331501)**

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सुहाना (SUHANA) मेरी पुत्री है जो कि कक्षा - 8 में अध्ययनरत हैं। सुहाना के प्रवेश के समय माता का नाम SABINA लिखवाया था अब इसका सही नाम SABINA BANO विद्यालय रिकॉर्ड में करवाना चाहती हूँ। जिसके माता नाम की परिवर्तन की भविष्य में संपूर्ण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की रहेगी।

**सबीना बानो पत्नी अब्दुल वाहिद**
**निवासी बीदासर जिला - चूरू (राज.) 331501**


# नांवा में बड़ी कार्रवाई, 28 किलो 860 ग्राम गांजा के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार, बोलेरो जब्त

### दो राजस्थान व 3 छत्तीसगढ़ के है आरोपी

जयपुर टाइम्स



**नावां शहर(निस)।** शहर में अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर पुलिस की ओर से लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस थाना नांवा सिटी व डीएसटी डीडवाना- कुचामन की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा के परिवहन में लिप्त पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 28 किलो 860 ग्राम गांजा बरामद कर परिवहन में प्रयुक्त बोलेरो वाहन को भी जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर (आईपीएस) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुचामन शहर विमल सिंह नेहरा व वृत्ताधिकारी कुचामन शहर मुकेश चौधरी के सुपरविजन में थाना नांवा सिटी के थानाधिकारी पुलिस निरीक्षक नन्दलाल रिणवा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस थाना नांवा की ओर से राजकीय महाविद्यालय लढ़ा कॉलेज के सामने नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान राजास की ओर से आ रही बोलेरो गाड़ी को रोककर जांच की गई। तलाशी के दौरान वाहन में भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा पाया गया। इस पर पुलिस ने मौके से पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान दिनेश कुमार पुत्र छोटुराम कुमावत, उम्र 25 वर्ष, निवासी भांवता, पुलिस थाना कुचामन सिटी, विमल कुमार पुत्र मदनलाल मेघवाल, उम्र 24 वर्ष, निवासी भावता, पुलिस थाना कुचामन सिटी, विकेश्वर यादव पुत्र लालधर यादव यादव, उम्र 23 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 2 घुटकेल, पुलिस थाना बोराई, जिला धमतरी छतीसगढ़, टिकेश्वर यादव पुत्र लालधर यादव, उम्र 28 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 05, उपर पारा चिपरी, पुलिस थाना सोना, जिला गरियाबंद, छतीसगढ़,हितेश कुमार पुत्र मलसाय मरकाम गौड, उम्र 26 वर्ष, निवासी लुमा, पुलिस थाना माकडी, जिला कुठांगांव छत्तीसगढ़ को गिरफ्तार कर अवैध गांजा बरामद किया है। वहीं परिवहन में उपयोग ली जाने वाली बोलेरो को भी जब्त किया गया है। सभी आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि इस कार्रवाई में डीएसटी व थाना नांवा सिटी की टीम के सदस्यों का विशेष योगदान रहा, जिनकी सतर्कता एवं समन्वय से इतनी बड़ी मात्रा में गांजा पकड़ने में सफलता मिली। जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान आगे भी इसी प्रकार जारी रहेगा।

## नई किरण नशा मुक्ति जागरूकता व्याख्यान आयोजित

जयपुर टाइम्स



**नावां शहर(निस)।** कस्बे में स्थित रूकमणी देवी रामदेव लढ़ा राजकीय महाविद्यालय में 8 जनवरी को नई किरण नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत स्थापित नशा मुक्ति केन्द्र पर विद्यार्थियों के लिए नशा मुक्ति जागरूकता के लिए व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता लाला राम, नर्सिंग ट्यूटर, राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय, नावां सिटी रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को नशा क्या है, नशों के प्रकार, तंबाकू सेवन से युवाओं पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही राज्य एवं केंद्र सरकार की ओर से तंबाकू मुक्त भारत के लिए चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों एवं अभियानों तथा तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संयोजक डॉ. गजेन्द्र कुमार जांगिड़ ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. वन्दना चौधरी ने की। कार्यक्रम के अंत में डॉ. राजेश चौधरी की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर संकाय सदस्य डॉ. विजय कुमार बंशीवाल व गुमानाराम सहित महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। यह आयोजन विद्यार्थियों में नशे के प्रति जागरूकता बढ़ाने व स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

## स्टेट हाईवे 2 पर हो रहे खड्डों में पलटा जुगाड, जिम्मेदार अधिकारी मौन



जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निस)।** चाकसू दोसा स्टेट हाईवे 2 छांन्देल कलां के पास जगह-जगह सैकड़ो खड्ड़े हो रहे हैं ऐसे में आए दिन दुपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं लेकिन जिम्मेदार लोग कर रहे हैं अनदेखी, वहीं गुरुवार को दोपहर छांन्देल कलां के पास गहरे खड्डो में पशुओं का तूडे से भरा जुगाड़ पलट गया है जिससे यातायात प्रभावित रहा। गनीमत यह है की जुगाड़ पलटने से पहले ही ड्राइवर निकल चुका था। जिससे बड़ा हादसा टल गया। ग्रामीणों ने आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि इस हाइवे से रोजाना जनप्रतिनिधि व सैकड़ों प्रशासनिक अधिकारी गुजरते हैं लेकिन सभी अधिकारी इस समस्या को देखते हुए भी अनदेखी कर रहे हैं। कभी भी यहां बड़ा हादसा हो सकता है कुछ दिन पहले सड़क के खड्डों की मरम्मत भी की गई थी लेकिन वो एक तरीके से खानापूर्ति होने के असर दिखाई दिए। पेचवर्क करने के बाद बाद तुरंत प्रभाव से वापस ही यहा खड्डे हो गए हैं लोगों का कहना हैं कि सड़क किनारे बीसलपुर पाइप लाइन लिकेज हो जाने के कारण यहा खड्डे हो गए हैं और इनमें पानी भी भरा रहता है जिससे यहां से गुजरने वाले राहगीरों को खड्डे खड़ा दिखाई नहीं देता है और फिर गिरकर चोटिल हो जाते हैं। सुबह सुबह अधिक कोहरा होने के कारण भी दुर्घटनाएं होने का भय बना रहा है और रात के समय इन गहरे गड्डों में चारपहिया छोटे वाहन फस जाते हैं। राहगीरों की मांग है कि समय पर तुरंत प्रभाव से सड़क पर हो रहे खड्डों की मरम्मत करवाई जाए।

### रेनवाल मांजी पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## अवैध बजरी परिवहन करते दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**सांगानेर(निस)।** जिले में अवैध खनन व बजरी के अवैध परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रेनवाल मांजी थाना पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी से भरे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 8 जनवरी को गश्त के दौरान की गई। उप महानिरीक्षक पुलिस व सह-पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण राशि डोगरा डूडी आईपीएस ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में अवैध खनन और परिवहन में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए गए थे। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा व वृत्ताधिकारी फागी अनिल डोरिया के सुपरविजन में थानाधिकारी रेनवाल मांजी पुलिस निरीक्षक कमलेश चौधरी के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम ने आसूचना संकलन के बाद रात्रि गश्त के दौरान हरसुलिया पेट्रोल पंप के सामने दो ट्रैक्टर अवैध रूप से बजरी का परिवहन करते हुए पाए गए। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर ही दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर लिया तथा दोनों चालकों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हंसराज बैरवा (22) पुत्र गुलाबचंद बैरवा, निवासी मानपुर गेट, थाना रेनवाल मांजी, जिला जयपुर एवं राजु बागरिया (24) पुत्र रामपाल बागरिया, निवासी फागी, जिला जयपुर के रूप में हुई है।

## शीतलहर व पाले से रबी फसलों के संबंध में एडवाइजरी जारी

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** किसानो को शीतलहर व पाले से रबी फसलों को होने वाले संभावित नुकसान के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, ताकि किसान सतर्क रहकर फसलों की सुरक्षा कर सकें। पाले के प्रभाव से पौधों की पत्तियां व फूल झुलसकर झड. जाते है एंव पौधों की फलियों-बालियों में दाने नही बनते है या सिकुड. जाते है। रबी की फसलों में फूल व बालियों के समय पाला पडने पर सर्वाधिक नुकसान की संभावना रहती है। कृषि अनुसंधान अधिकारी (पौध व्याधि) अनुपम महर्षि ने बताया कि फसलों में पाले से सुरक्षा :- जब पारा 05 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाये और फसले में फूल और फल बनने की अवस्था में हो तब पाले से सुरक्षा हेतु 0.1 प्रतिशत (1 लीटर पानी में 1 मिली ) व्यावसायिक उपयोग वाले गंधक के तेजाब के पानी में घोल बनाकर छिडकाव करें (यानि 1000 लीटर पानी में एक लीटर गंधक का तेजाब मिलाकर एक हैक्टेयर में स्प्रेयर द्वारा पौधों पर अच्छी तरह से छिडकाव करें) तथा आवश्यक समझे तो 15 दिन के अन्तराल पर छिडकाव दोहरायें। इसके अतिरिक्ति फसलों में सिंचाई कर पाले से बचाव किया जा सकता है।


### नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मो. अयान मेरा पुत्र जो कि कक्षा 8 में अध्ययनरत है। मेरे पुत्र के प्रवेश के समय पिता का नाम MO ALI BHUTTA लिखवाया था। अब इसका सही नाम विद्यालय रिकॉर्ड में MO. ALI दर्ज करवाना चाहता हूँ जिसके पिता नाम की परिवर्तन की भविष्य में संपूर्ण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की रहेगी।

**मदीना बानो पत्नी मो. अली**
**निवासी बीदासर जिला - चूरू (राज.) 331501**

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र आदित्य कक्षा 8 में अध्ययनरत हैं। मेरे पुत्र के विद्यालय प्रवेश के समय उसके पिता का नाम KESHARCHAND PRAJAPAT अंकित करवा दिया था।
मैं मेरे पुत्र के विद्यालय रिकॉर्ड में इसके पिता का सही नाम KESARI CHAND PRAJAPAT अंकित करवाना चाहता हूं। जिसके पिता नाम के परिवर्तन की भविष्य में सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।

**केसरीचन्द प्रजापत पुत्र श्री बुधाराम प्रजापत**
**निवासी बीदासर जिला चूरु (राज.)**

### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, PHED DIVISION CHURU (RAJ.)

Tel. 01562-250343, e-mail - eephedchuru@gmail.com, ee.chu.phed@rajasthan.gov.in

No:- 2548-2562 Date: 30.12.2025

**NOTICE INVITING BID**

Bids for Nit no 37/2025-26 Annual Rate Contract for UPGRADATION OF LIGHTING AND AUTOMATION under PHED Division Churu are invited form interested bidders upto 16-01-2026 (17:00 Hrs) Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal. http://sppp.rajasthan.gov.in, http://sppp. rajasthan.gov.in) of the state and phed.raj.nic.in. The approximate value of the procurement is Nit no 37/2025-26 Rs. 70.00 Lacs.
UBN No. PHE 2526 WSRC10259 RS 70.00 Lacs.

DIPR/C/86/2026

**Executive Engineer,**
**PHED Division Churu**

### Office of the District Literacy and Continuing Education Officer, Churu

File No. DLCEO/Churu/Literacy/2025-26/264 Date 31.12.2025

**Notice Inviting Bid (02/2024-25)**

Bid for TLM kit is invited from interested bidders upto 12.00 PM on 09.01.2026. Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.rajasthan.gov.in, eproc. rajasthan. gov.in) of the state and notice board of this office. The Approximate maximum value of the procurement is Rs. 14.32 lac.
UBN No- LIT2526GLOB00040

**DLCEO, CHURU**


## मदन प्रजापति को प्रदेश प्रवक्ता बनने पर किया सम्मान

जयपुर टाइम्स



**सांगानेर(निस)।** जयपुर स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को प्रजापति समाज की ओर से भव्य स्वागत व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ का 51 मीटर लंबे साफा और 21 किलो की पुष्पमालाओं से अभिनंदन किया गया। वहीं मदन प्रजापति को भाजपा का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किए जाने पर समाज के लोगों ने उन्हें सम्मानित कर शुभकामनाएं दीं। समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ रहे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कन्हैया लाल मीणा, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौर, पार्षद रामकिशोर प्रजापति, नाहर सिंह जोधा प्रदेश उपाध्यक्ष (भाजपा), कई जनप्रतिनिधि और समाज के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में रोहित प्रजापति, गिरिराज प्रजापति, रमेश प्रजापत (खाजलपुरा), रामस्वरूप प्रजापत (त्रिवेणी नगर), सीताराम (पीपला),बजरंग लाल प्रजापत (लालसोट), सियाराम (दुबली), मुकेश प्रजापति पटवारी (वाटिका), रामावतार प्रजापत (एडवोकेट), गिरिराज प्रजापत एडवोकेट (आकोडिया), लक्ष्मण प्रजापत (चाकसू), किशन प्रजापत (जगतपुरा), सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रजापति समाज संगठन और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने मदन प्रजापति को प्रदेश प्रवक्ता बनाए जाने पर बधाई देते हुए विश्वास जताया कि वे पार्टी की नीतियों और विचारधारा को मजबूती से जन-जन तक पहुंचाएंगे। मदन प्रजापति ने समाज और पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी को वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। समारोह में उत्साह और एकजुटता का माहौल देखने को मिला।

## कमला जोशी के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** पूर्व पालिका ध्यक्ष महावीरप्रसाद जोशी की शतायु पार पत्नी कमलादेवी जोशी के निधन पर गुरूवार को जोशी-भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में छोटेनाथजी आश्रम के पीठाधिश्वर व संत नवीन नाथ महाराज ने शिरकत कर जोशी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पार्षद शशीकांत सैनी, नंदकिशोर यादव, सूर्यप्रकाश लाहोरा, श्रीकांत जोशी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## झुंझुनू चैप्टर का उद्घाटन, झुंझुनू कलेक्टर अरुण गर्ग ने दिया पुरानी धरोहर हवेली, छतरी, बावड़ी को बचाने का संदेश

जयपंर टाइम्स



**नवलगढ़(निस)।** झुंझुनू जिला कलेक्टर अरुण गर्ग डूंडलोद शिवगढ मे किया अशोक सिंह ठाकुर चेयरमैन इंटेक, चैप्टर कन्वीयर राघवेन्द्र सिंह डूंडलोद, अतुल खन्ना कन्वीनर, जिला कलेक्टर ने इंटेक के माध्यम से हम सब को मिलकर पुरानी धरोहर हवेली, छतरी, बावड़ी आदि को बचाने के लिए मिलकर काम करना होगा वरना आने वाली पीढ़ी हमे माफ नही करेगी इंटेक झुंझुनू चैप्टर के उद्घाटन समारोह में भाजपा नेता शंकर लाल शर्मा ने हेरिटेज हवेलिया, मंदिरो के संरक्षण मे अहम योगदान रहा इसके लिए जिला कलेक्टर अरुण गर्ग, इंटेक चैयरमैन अशोक सिंह ठाकुर की ओर से प्रतिक चिन्ह व


### कार्यालय उप वन संरक्षक, चूरू

इस कार्यालय के अधिन निम्नानूसार विकास कार्य करवाये जाने है:-

| क्र. सं. | बिड संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि | UBN नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | खुली बोली सूचना 41/2025-26 | Supply and Transportation of GI wire, RCC post, Barbed wire and Weldness Jali for Khejri Vatika at Range- Rajgarh, Churu,Sardarsahar, Ratangarh and Taranagar | 4.52 लाख | FOR2526GSOB04456 |

अल्पकालीन खुली बोली सूचना से संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्तें वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है ।

**उप वन संरक्षक, चूरू**



## क्रिएटिविटी पर बोलीं टिस्का चोपड़ा

बॉलीवुड अभिनेत्री टिस्का चोपड़ा ने साल 2025 में निर्देशन की दुनिया में कदम रखा है। उन्होंने थ्रिलर फिल्म 'साली मोहब्बत' का निर्देशन किया है। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई थी और फिल्म को मिले-जुले रिएक्शन हासिल हुए थे। अब टिस्का का ऐसा मानना है कि बॉलीवुड में क्रिएटिव नजरिए से रिस्क लेने से मेकर्स काफी घबराते हैं और वो राइटिंग पर कम ध्यान देते हैं।

### हम लेखकों को प्रोत्साहित नहीं करते

बॉलीवुड बबल के साथ बातचीत के दौरान टिस्का चोपड़ा ने बॉलीवुड में होने वाले बदलावों को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने इंडस्ट्री की उन कमियों का भी जिक्र किया, जिन्हें दूर किया जाना बहुत जरूरी है। एक्ट्रेस ने कहा कि समस्या यह है कि हम फलों को पानी दे रहे हैं, जड़ों को नहीं, यानी लेखन को। काम बेहद सतही हो गया है। मैं यह नहीं कह रही कि कॉमर्शियल या कॉमेडी फिल्में नहीं बन सकतीं, लेकिन इसकी शुरुआत राइटिंग से होती है। आपको अपने लेखकों को समय देना होगा और उन्हें आइडियाज पर सोचने की आजादी देनी होगी, तभी वो कुछ क्रिएटिव सोच पाएंगे। लेकिन हम लेखकों को प्रोत्साहित नहीं करते। हम बहुत डरे हुए हैं। कोई भी जोखिम नहीं लेना चाहता। हम वही पुरानी चीजें थोड़े-बहुत बदलाव के साथ करते रहते हैं। दर्शक अब इसे पसंद नहीं कर रहे हैं। जब आप दृढ़ विश्वास के साथ कुछ नया लाते हैं, तो लोग उसे स्वीकार कर लेते हैं।

### कई और दिग्गज भी क्रिएटिविटी को लेकर कर चुके हैं बात

टिस्का चोपड़ा से पहले भी कई दिग्गज बॉलीवुड में लेखकों को प्रोत्साहित करने और राइटिंग में कुछ क्रिएटिव करने की बात कह चुके हैं। धुरंधर की तारीफ करते हुए अधिकांश लोगों ने फिल्म की राइटिंग और उसके तकीनीकि पक्ष की तारीफ की है। इनमें ऋतिक रोशन, सुधीर मिश्रा और राम गोपाल वर्मा जैसे दिग्गजों के नाम शामिल हैं।



## शालिनी पांडे ने की राहु-केतु पर बात




अभिनेत्री शालिनी पांडे इन दिनों अपनी आगामी फिल्म राहु केतु को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में वे वरुण शर्मा और पुलकित सम्राट के साथ स्क्रीन शेयर करती दिखेंगी। कुछ दिन पहले फिल्म का पहला मोशन पोस्टर रिलीज किया गया था और अब मेकर्स की तरफ से इसका लेटेस्ट टीजर रिलीज किया गया है। एक्ट्रेस ने अपने किरदार पर दिलचस्प खुलासा किया।

**शालिनी आप राहु और केतू के बीच फंस गई हैं?**

मैं फंसी नहीं हूं। मेरा किरदार बहुत अच्छा है।

**आपको इस किरदार में किस चीज ने प्रभावित किया?**

डायरेक्टर विपुल सर ने जब इसे नैरेट किया तो लगा यह बहुत अलग तरह की कॉमेडी है। यह इंटेलीजेंट कॉमेडी फिल्म है। मुझे लगता है कि मेरे लिए राइटर और डायरेक्टर एक हों तो मैं भी उन पर भरोसा कर सकूं।

**शालिनी, हर किरदार इंसान को काफी कुछ सिखाकर जाता है। आपको इस फिल्म ने क्या सिखाया?**

यह जो किरदार है, वह बहुत लेयर्ड है। आमतौर पर लड़कियों के किरदार बहुत ब्लैक एंड व्हाइट तरीके से देखते हो। मुझे यह किरदार करते हुए बहुत फ्री फील हुआ। विपुल सर (विपुल विग) को इसके लिए शुक्रिया कि उन्होंने इस रोल को लिखा और मुझे इसे प्ले करके बहुत मजा आया।

**फिल्म का नाम क्योंकि राहु केतू है, क्या आप एस्ट्रोलॉजी में यकीन रखती हैं? क्या आपने कभी ऐसा पढ़ा कि आज मेरी राशि में क्या लिखा है?**

जब अच्छी चीजें होती हैं तो मैं भरोसा कर लेती हूं। बाकी मैं पढ़ती नहीं हूं। मेरी मम्मी इतनी स्वीट हैं। जब वो मेरे पास आती हैं और कुछ करने को बोलती हैं तो मैं उनकी खुशी के लिए कर लेती हूं।

**क्या सोशल मीडिया पर प्रेशर फील होता है?**

सोशल मीडिया और मोबाइल के साथ रिलेशनशिप अलग चीज है। मेरा और स्क्रीन का रिलेशन वहीं तक है, जहां तक मेरा काम है। मैं अपने दर्शकों से रूबरू होती हैं सोशल मीडिया से, लेकिन मैंने अपना दायरा बना रखा है। मेरा रिश्ता सोशल मीडिया से बहुत अच्छा है।

**क्या आप पब्लिक का रिएक्शन देखने के लिए छिपकर हॉल में फिल्म देखने गए हो लोगों के बीच जाकर?**

हर एक्टर ऐसा करता है। हमने कितने सीन लोगों के बीच जाकर देखे हैं। हर एक्टर उस हाइप के लिए जीता है। मैंने अर्जुन रेड्डी के टाइम यह बहुत किया है। यह बहुत सुंदर फीलिंग है।

**आपनी फिल्म राहु केतू के बारे में क्या कहना चाहेंगी?**

यह बहुत इमोशनल इंटेलीजेंस फिल्म है। सब इस फिल्म के साथ कुछ न कुछ रिलेट कर सकते हैं।




## जल्द रिलीज होगा कुणाल खेमू स्टारर सिंगल पापा का दूसरा सीजन

कुणाल खेमू की हालिया रिलीज वेब सीरीज सिंगल पापा को दर्शकों और क्रिटिक्स ने जमकर सराहा था। अब जल्द ही इस सीरीज का दूसरा पार्ट रिलीज होने वाला है। नेटफ्लिक्स ने हाल ही में इसकी आधिकारिक घोषणा की है।

### नेटफ्लिक्स ने किया सीजन 2 का एलान

सोमवार को नेटफ्लिक्स ने अपने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आने वाली सीरीज सिंगल पापा 2 की घोषणा की। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये यह जानकारी दर्शकों को दी। इसे शेयर करते हुए नेटफ्लिक्स ने लिखा 'बधाई हो, सीजन 2 होने वाला है।' हालांकि, ओटीटी प्लेटफॉर्म ने अब तक इसकी रिलीज डेट अनाउंस नहीं की।

### फैंस ने की यह खास अपील

नेटफ्लिक्स की इस पोस्ट पर सीरीज के कई फैंस ने खास अपील की है। एक यूजर ने कमेंट करके लिखा, 'इस बार दया शेट्टी का रोल ज्यादा रखना..'। वहीं कई फैंस ने इस खबर पर खुशी भी जाहिर की कि इस सीरीज का दूसरा पार्ट आ रहा है। कइयों ने लिखा कि वो सीजन के लिए बेहद उत्साहित हैं।

### नजर आएंगे ये बड़े कलाकार

यह सीरीज इशिता मलहोत्रा और नीरज उधवानी के जगरनॉट प्रोडक्शंस के बैनर तले बनाई गई है। इसे शशंक खैतान, हितेश केवल्या और नीरज उधवानी ने ही निर्देशित किया है। सीरीज में कुणाल खेमू, प्राजक्ता कोली, मनोज पहवा, आयशा रजा, नेहा धूपिया, सुहेल नय्यर, दयानंद शेट्टी और ईशा तलवार समेत कई कलाकार नजर आएंगे।

### पहले सीजन में क्या थी कहानी

सिंगल पापा की कहानी एक ऐसे तलाकशुदा इंसान गौरव गहलोत की है जिसकी कार में कोई बच्चा छोड़ जाता है। इसके बाद गौरव उस बच्चे को पालना चाहता है मगर परिवार उसके लापरवाह होने की चलते उसके इस फैसले का साथ नहीं देता। आगे जाकर गौरव उस बच्चे को अकेले संभालता है। अब गौरव के जीवन में क्या नए बदलाव होंगे, यह कहानी दर्शकों को इसके दूसरे भाग में देखने को मिलेगी।

## कभी खुशी कभी गम 2 के सीक्वल की तैयारी में करण जौहर!

**कभी खुशी कभी गम 2 को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। दावा किया जा रहा है कि करण जौहर इस मूवी से बतौर डायरेक्टर कमबैक करने जा रहे हैं। 25 साल पहले आई इस मूवी का सीकल कब बनेगा और कौन होगा, जानिए-**

### कभी खुशी कभी गम 2 के बारे में जानकारी सामने आई है

साल 2001 में करण जौहर की डायरेक्टेड फिल्म कभी खुशी कभी गम रिलीज हुई थी। इसे यश जौहर ने प्रोड्यूस किया था और 3 घंटे 30 मिनट लंबी इस मूवी को लोगों का भरपूर प्यार भी मिला था। इसके गाने आज भी लोगों के जुबां पर बैठे रहते हैं। अब खबर है कि इस मूवी का पार्ट-2 भी बना रहे हैं। और इसके जरिए ही वह डायरेक्शन में कमबैक कर रहे हैं। चर्चा ये भी है कि प्रोजेक्ट की स्क्रिप्ट भी फाइनलाइज हो गई है और जल्द ही इसकी शूटिंग शुरू हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, एक सोर्स ने बताया है कि रॉकी और रानी की प्रेम कहानी जैसी रोमांटिक फैमिली कॉमेडी से मिली अपार सफलता के बाद करण जौहर अपनी अगली फैमिली-ड्रामा जॉनर मूवी के साथ वापसी करने का प्लान बना रहे हैं। कहा ये भी जा रहा है कि अब तक की उनकी सबसे बजट की फिल्म होगी और नए साल के शुरुआत में स्क्रिप्ट फाइनल करके उन्होंने लोगों की एक्साइटमेंट बढ़ा दी है।

खबरों के मुताबिक, इस फिल्म को धर्मा प्रोडेक्शन के बैनर तले बड़े पैमाने पर सिनेमाघरों में रिलीज करने की प्लानिंग हो रही है। प्री-प्रोडक्शन का काम 2026 के छमाही के आसपास शुरू होने की उम्मीद है। और शूटिंग साल के अंतर तक शुरू होने की संभावना है। एक सोर्ट ने ये भी बताया है कि ये एक हाई-ऑक्टेन फैमिली ड्रामा मूवी है। जिसमें बहुत रोमांटिक और इमोशनल एंगल भी है।

### कभी खुशी कभी गम 2 की कास्ट

फिल्म की कास्ट के बारे में ये बताया गया है कि इसमें दो मेन लीड एक्टर और दो मेन लीड एक्ट्रेस होंगी। कास्टिंग का प्रॉसेस भी जल्द शुरू होगा। यह धर्मा प्रोडक्शंस की सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली बड़ी फिल्म होगी। इसका नाम कभी खुशी कभी गम 2 होगा। लेकिन पुष्टि नहीं हुई है। कभी खुशी कभी गम में शाहरुख खान, काजोल, ऋतिक रोशन, करीना कपूर, अमिताभ बच्चन और जया बच्चन जैसे दिग्गज कलाकार थे। 14 दिसंबर, 2001 में ये रिलीज हुई थी और बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी।





## क्या 'डियर कॉमरेड' के हिंदी रीमेक में नजर आएंगे सिद्धांत चतुर्वेदी और प्रतिभा रांटा? एक्टर्स ने बताई सच्चाई

फिल्म 'गली बॉय' से सुर्खियों में आए अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'वी शांताराम' को लेकर चर्चाओं में हैं। हालांकि, इस बीच पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर ये चर्चा तेज है कि सिद्धांत चतुर्वेदी अभिनेत्री प्रतिभा रांटा के साथ विजय देवरकोंडा की फिल्म 'डियर कॉमरेड' के हिंदी रीमेक में नजर आएंगे। दोनों स्टार्स की कास्टिंग को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चाएं फैलने लगीं। अब दोनों स्टार्स ने खुद इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए सभी तरह की चर्चाओं पर विराम लगा दिया है।

### फिलहाल कोई रीमेक नहीं

सिद्धांत चतुर्वेदी ने सबसे पहले इन अफवाहों पर अपना रुख स्पष्ट किया। 'डियर कॉमरेड' में अपनी कास्टिंग की खबरों को खारिज करते हुए सिद्धांत ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की। इस स्टोरी में अभिनेता ने लिखा, 'दोस्तों, मैं स्पष्ट कर दूं कि यह सच नहीं है। अब मेरे लिए कोई रीमेक नहीं, हालांकि मैं मूल फिल्म और अभिनेताओं का प्रशंसक हूं, बहुत सारा प्यार और सम्मान। धन्यवाद।' इस स्टोरी के जरिए सिद्धांत ने इन खबरों पर तो विराम लगाया ही, साथ ही ये भी स्पष्ट कर दिया कि वो फिलहाल अब किसी भी रीमेक फिल्म में काम नहीं करना चाहते।

### प्रतिभा रांटा के साथ काम करना चाहते हैं सिद्धांत

हालांकि, सिद्धांत ने इस दौरान प्रतिभा रांटा के साथ काम करने की इच्छी भी जताई। अपनी स्टोरी में उन्होंने आगे लिखा, 'मैं बेहद प्रतिभाशाली प्रतिभा रांटा के साथ किसी ऐसे प्रोजेक्ट पर काम करना चाहूंगा, जो नई कहानी हो। इसका बेसब्री से इंतजार है।' जाहिर है कि सिद्धांत किसी रीमेक की बजाय एक नई कहानी पर काम करना चाहते हैं।

### सिद्धांत आखिरी बार 'धड़क 2' में नजर आए थे

वर्कफ्रंट की बात करें तो सिद्धांत को आखिरी बार 'धड़क 2' में देखा गया था। समीक्षकों द्वारा सराही गई ये फिल्म तमिल फिल्म 'परियेरुम पेरुमल' का रीमेक थी। जबकि प्रतिभा रांटा आखिरी बार 'लापता लेडीज' में ही नजर आई थीं। अब वो द रिवोल्युशनरीज नाम की वेब सीरीज में नजर आएंगी।

### प्रतिभा रांटा ने भी दिया रिएक्शन

सिद्धांत चतुर्वेदी की तरह ही प्रतिभा रांटा ने भी 'डियर कॉमरेड' में अपनी कास्टिंग की चर्चाओं पर प्रतिक्रिया दी। हालांकि, एक्ट्रेस ने इन खबरों का खंडन या इनकी पुष्टि नहीं की, लेकिन उन्होंने अपने नाम पर फैलाई जा ही गलत खबरों पर जरूर अपनी प्रतिक्रिया दी। एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, 'मैं सभी मीडिया पेजों से विनम्रतापूर्वक अनुरोध करती हूं कि कृपया किसी भी अपुष्ट जानकारी को प्रकाशित या प्रसारित करने से बचें। आधिकारिक घोषणा का इंतजार करें। मेरे साथ काफी समय से ऐसा हो रहा है, कई ऐसे प्रोजेक्ट्स में जिनसे मैं जुड़ी नहीं हूं, जिससे अक्सर अनावश्यक भ्रम पैदा होता है। इस मामले में आपकी समझ, सहयोग और निरंतर समर्थन के लिए मैं वास्तव में आभारी रहूंगी।' जाहिर है कि प्रतिभा रांटा ने सिद्धांत की तरह साफ तौर से इस बात से इंकार नहीं किया कि वो रीमेक में नजर नहीं आएंगी। बल्कि उन्होंने आधिकारिक घोषणा होने का इंतजार होने की बात कही है।



# गांवों को स्वस्थ ग्राम बनाने के लिए निर्धारित किए गए 18 सूचकांकों पर करें कामः सोमनाथ

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** गांवों को स्वस्थ और आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के साथ आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना की शुरुआत की गई है। परम्परागत चिकित्सा पद्धतियों जैसे आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा और प्राकृतिक जीवन शैली को बढ़ावा देना है। इसी संबंध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उन्होंने कहा कि योजना के क्रियान्वयन के लिए जिला कलेक्टर की देखरेख में एक जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। इस समिति का मुख्य कार्य सरकार द्वारा तय किए गए 18 सूचकांकों पर गांवों के काम की निगरानी करना और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि योजनान्तर्गत जिले की चयनित ग्राम पंचायत मांगरोल, तसीमो, सिलावट, खिडौरा एवं लीलोठी में योजना को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और आयुर्वेद विभाग मिलकर संयुक्त रूप से कार्य करें। योजना का मुख्य फोकस केवल बीमारियों का इलाज नहीं, बल्कि स्वास्थ्य व बचाव पर ध्यान केंद्रित करना है। गांवों को स्वस्थ ग्राम बनाने के लिए निर्धारित किए गए 18 सूचकांकों पर काम किया जाए। इनमें महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य की स्क्रीनिंग और पोषण पर ध्यान देना, स्वस्थ जीवन शैली, सही रहन-सहन और आहार के माध्यम से बीमारियों से बचाव, गांव को पूर्ण रूप से तम्बाकू मुक्त बनाना, ग्राम में औषधीय पौधों की नर्सरियों, बगीचों के प्रति जागरूकता और उनका रोपण करना, सामान्य बीमारियों में घरेलू उपचार के प्रयोग को बढ़ावा देना, ऋतु के अनुसार प्रकृति के प्रति जागरूकता और मौसमी बीमारियों से बचाव, व्यक्तिगत व सामुदायिक स्वस्थता हेतु योग एवं स्वस्थ जीवन शैली का अभ्यास, टीबी, मीजल्स, रुबेला से मुक्त ग्राम पंचायत बनाना, प्रत्येक परिवार की स्वास्थ्य प्रोफाइल बनाने सहित यह योजना जिले के चयनित ग्राम पंचायतों के लिए एक नई स्वास्थ्य क्रांति ला सकती है जिससे ये पंचायतें न केवल आत्मनिर्भर बनेंगी बल्कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक आदर्श प्रस्तुत करेंगी। आरोग्य आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना के लिए जिले की 5 ग्राम पंचायत को चुना है। सभी 18 सूचकांक पूरा करने वाली ग्राम पंचायत को 11 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इस अवसर पर उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग डॉ. रमाकांत मिश्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा, उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग भूपेश गर्ग, परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी देवेन्द्र सिंह जांगल, प्रारंभिक जिला शिक्षा अधिकारी रामेश्वर दयाल बंसल सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## स. दि. जैन बघेरवाल सामाजिक संस्था मेवाड़ प्रांत के प्रतिनिधियों का निर्विरोध निर्वाचन



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** समग्र दिगंबर जैन बघेरवाल सामाजिक संस्था मेवाड़ प्रांत के 15 केंद्रीय प्रतिनिधि और मेवाड़ प्रांत के 30 प्रतिनिधियों के निर्वाचन सिंगोली शांति सागर सभा भवन में सर्वसम्मति से निर्विरोध संपन्न हुए। निर्वाचन अधिकारी राजेश पटवारी और राजेश धनोतिया ने बताया कि 15 जनवरी दोपहर 1 बजे दिगंबर जैन पारसनाथ तपोदय क्षेत्र बिजौलियां में मेवाड़ प्रांत प्रबंध कार्यकारिणी के चुनाव करवाएँ जाएंगे। मेवाड़ प्रांत के रावतभाटा, भैंसरोड, बोराव, श्रीपुरा, सिंगोली, धनगांव, थडोद, झांतला, टुकराई, बिजौलियां, भीलवाड़ा, आरोली, छोटी बिजौलियां, महुआ, मानपुरा, डाबी, लाम्बाखोह, उदयपुर व चित्तौड़गढ़ के शामिल गांवों से केंद्र के 15 और मेवाड़ प्रांत के 30 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

## हिंदू सम्मेलन को लेकर बैठक का आयोजन





जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** बिजौलियां में 18 जनवरी को प्रस्तावित विराट हिंदू सम्मेलन व विशाल धर्म सभा के आयोजन के निमित बैठक संघ के प्रांत कार्यवाहक पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.शंकर माली व हिंदू सम्मेलन विभाग संयोजक गणेश प्रजापत के सानिध्य में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से सम्मेलन समिति के अध्यक्ष डॉ. दुर्गा शंकर मेहर को बनाया गया। इस दौरान सभी समाज वर्गों से दो-दो सदस्य भी समिति में जोड़े गए। बैठक मे आगामी 18 जनवरी रविवार को कस्बे में भव्य विराट शोभायात्रा के आयोजन का निर्णय लिया गया। शोभायात्रा बड़ा चारभुजा मंदिर से प्रारंभ हो कर लाल बड़ली, सदर बाजार,पंचायत चौक, सब्जी मंडी, तेजाजी चौक होते हुए थानेश्वर महादेव सभा स्थल पर पहुंचेगी। जहां एक विशाल धर्म सभा का आयोजन होगा।

## अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई, 6 लाख की पैनल्टी,4 वाहन जब्त




जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** अवैध खनन के खिलाफ खनिज व राजस्व विभाग की ओर से मोगरवासा ग्राम में खातेदारी भूमि के आराजी 195 व 196 में हो रहे अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम दिया गया।एक जेसीबी,एक लोडर व दो ट्रैक्टर जब्त कर पुलिस के सुपुर्द किए। वहीं अवैध खननकर्ता सुरेश पिता बालूराम धाकड़ निवासी लक्ष्मीनिवास के खिलाफ 6 लाख 15 हजार 750 रुपए की पैनल्टी लगाई गई।विदित हैं कि जिस खातेदारी भूमि में खनन माफिया की ओर से अवैध खनन किया जा रहा हैं।उक्त भूमि गरीब भील-मीणा जाति के लोगों की हैं।मौके पर तहसीलदार ललित डिडवानिया, फोरमैन गिरिराज मीणा, जितेंद्र भारद्वाज, खनिज विभाग के गार्ड समेत हल्का पटवारी व गिरदावर मौजूद रहे। वहीं क्षेत्रवासियों का कहना हैं कि सम्बंधित विभागों की अनदेखी व ठोस कार्रवाई के अभाव में क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध खनन हो रहा हैं। ऐसी छुटपुट कार्रवाई ऊंट के मुंह में जीरे के समान हैं।इनसे अवैध खनन पर अंकुश लगने वाला नहीं हैं।

## सत्यापन नहीं कराया तो बंद हो जाएगी पेंशन!

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लिए लाभार्थियों का वार्षिक भौतिक सत्यापन 1 नवम्बर से वर्ष 2026 के लिए प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। योजनान्तर्गत जिले के सभी पेंशनर्स को आवश्यक रूप से 31 जनवरी तक स्वयं का वार्षिक भौतिक सत्यापन करवाना है। जिले के लगभग 1 लाख 68 हजार 343 सामाजिक पेंशन योजना के लाभार्थियों में से अब तक केवल 74.22 प्रतिशत पेंशनर्स का ही सत्यापन हुआ है। जिला परिवीक्षा व समाज कल्याण अधिकारी देवेन्द्र सिंह जांगल ने बताया कि लाभार्थी पेंशन का वार्षिक सत्यापन ई-मित्र कियोस्क, ई-मित्र प्लस आदि केन्द्रों पर अंगुली की छाप व एंड्रॉइड मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि लाभार्थी योजनान्तर्गत अपना वार्षिक सत्यापन 31 जनवरी से पूर्व जल्दी से जल्दी करवाएं जिससे उनको पेंशन योजना लाभ सुचारू रूप से मिल सकें। सत्यापन नहीं करवाने की स्थिति में उनको पेंशन योजना का लाभ मिलना बंद हो सकता है। उन्होंने बताया कि पेंशन सत्यापन नहीं होने की स्थिति में ग्रामीण क्षेत्रों में सम्बन्धित विकास अधिकारी व शहरी क्षेत्रों में सम्बन्धित उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में जाकर सम्पर्क कर सकते है।

## सड़क सुरक्षा जागरूकताः वाहन चालकों से समझाइश, प्रतियोगिता का आयोजन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिला परिवहन व सड़क सुरक्षा विभाग की ओर से मनाई जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत बाड़ी रोड पर समझाइश अभियान चलाया गया। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि विभाग की ओर से सरकार की ओर से जारी आदेश की पालना में प्रतिदिन सड़क सुरक्षा को लेकर आयोजन कराए जा रहे हैं। जिले के विभिन्न भागों में लगातार सघन समझाइश अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत् राहगीरों को वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत सिख से सुरक्षा टेक्नोलॉजी से परिवर्तन विषय को लेकर लोगों को जानकारी दी जा रही है विशेष कर विद्यालय स्तर पर छात्रों को नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। नवीन लाइसेंस धारकों को यातायात नियमों की शपथ दिलाई जा रही है। परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के 9 वें दिन बाड़ी रोड़ पर समझाइश अभियान चलाया गया। जिसमें लोगों को राहगीर योजना और गुड सेमिरिटेन की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से इस बार व्यापक स्तर पर पूरे माह ये अभियान चलाया जा रहा है हमारा प्रयास है कि जिले के सभी संभागों में हम लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक और सजक कर सकें जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवानी कुशवाह पुत्री सोनाराम कुशवाह सुआ का बाग, द्वितीय स्थान गोरी राजोरिया पुत्री प्रेमदत्त राजोरिया विरोधा व तृतीय स्थान राहुल कुशवाह पुत्र ब्रजकिशोर कुशवाह मुस्तफाबाद ने प्राप्त किया।

## ऑन जॉब ट्रेनिंग का दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय धौलपुर प्रधानाचार्य अर्चना मिश्रा के निर्देशन में व्यावसायिक शिक्षा में अध्यनरत बच्चियों के लिए शीतकालीन सत्र में ऑन जॉब ट्रेनिंग ओजेटी प्रशिक्षण कार्यक्रम सिलाई एवं गृह साज - सज्जा व ब्यूटीशियन नजदीकी ट्रेनिंग सेंटर लवी ब्यूटी एण्ड टेलरिंग सेंटर संस्था के सहयोग से संचालित दस दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली बच्चियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से उद्यमिता कौशल विषय सिलाई गृह साज - सज्जा में ड्राफटिंग, कटिंग,स्विंग ऑपरेटिंग, डिजाइनिंग, मशीन रख - रखाव, पैकिंग, ब्यूटीशियन में पेडीक्योर, हेयरकट, वैक्सिंग थ्रेडिंग, फेशियल, फेस पैक हेड मसाज, बॉडी मसाज, हेयर स्टाइल, हेयर कलर कटिंग रोलर सिटिंग, आइब्रो, नेल मेहंदी जैसे महत्वपूर्ण विषय के साथ साथ पर्सनैलिटी डेवलपमेंट के विषय में संस्था के सहयोगी की ओर से सफल प्रशिक्षण दिलाया गया। वीटी शिवानी सैनी ने बताया कि भविष्य में आत्मनिर्भर कार्य योजना कौशल प्रशिक्षण से सहायता मिलती है। उन्होंने बताया कि बच्चियों ने इस दौरान अपने हुनर से कार्य किया। विद्यालय से प्रधानाचार्या अर्चना मिश्रा, कौशल मित्र मंजु जादौन, भगवान सिंह मीना, व्यवसायिक प्रशिक्षक शिवानी सैनी, आशा शर्मा उपस्थित रही।

## भारतीय किसान संघ का कार्यकर्त्ता अभ्यास वर्ग आयोजित

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** भारतीय किसान संघ धौलपुर का एक दिवसीय कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग श्री पीतम गिरी बाबा मंदिर पहाड़ी (मरैना) में तहसील अध्यक्ष उमाशंकर त्यागी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें तहसील राजाखेड़ा, मरैना व मनियां के किसान संघ कार्यकर्ता व किसान बंधु उपस्थित हुए। प्रशिक्षण के प्रारम्भ में ध्वजारोहण व दीप प्रज्वलित करते हुए, भारत माता व भगवान बलराम के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। प्रथम सत्र नत्थीसिंह सिंह परमार प्रांत उपाध्यक्ष की ओर से लिया गया। जिसमें सभी का परिचय एवं किसान संघ की मूल संकल्पना पर अपने विचार रखें। द्वितीय सत्र में राजेंद्र सिंह गुर्जर सम्भाग उपाध्यक्ष जिला ने किसान संघ की कार्य पद्धति का वर्णन किया। तृतीय सत्र में महेश सिंह रजोरा जिला अध्यक्ष ने किसान की रीति नीति के बारे में बताया। चतुर्थ सत्र में अशोक सिंह सिकरवार जिला प्रचार प्रमुख ने ग्राम समिति गठन व ग्राम समिति के कार्यों पर चर्चा की। पंचम सत्र में नीरज कुमार प्रांत संगठन मंत्री जयपुर की ओर से किसान संघ की अवधारणा, महत्व व कार्यकर्ता के करनी कार्यों को समेकित करते हुए, पंच परिवर्तन विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष महेश सिंह रजोरा ने आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में भारत सिंह सिसौदिया जिला युवा प्रमुख, सत्यप्रकाश त्यागी पहाड़ी, डॉ.बीरेन्द्र सिंह , रामनिवास त्यागी गन्हेंदी, ओमशंकर सहज पुर, खुशीलाल करकाखेरली, रामब्रेश सिंह सबलापुरा, रघुवीर सिंह बीच का पुरा, गजेंद्र सिंह, बीरेंद्र सिंह चौधरी पुरा, लोकेन्द्रसिंह तौमर, दाऊजी शर्मा, बनवारी लाल शर्मा, श्रीभगवान त्यागी, नीरज कुमार त्यागी, हेम सिंह, बृजकिशोर आदि सहित 30 संभागियों की उपस्थिति रही।

## भामाशाह ने ऊनी कपड़े किए वितरित, पाकर बच्चों के खिले चेहरे

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डोंगरपुर में भामाशाह व चंद्रमल फाउंडेशन संस्थान के अध्यक्ष राजवीर सिंह गुर्जर ने स्कूली छात्र छात्राओं को ऊनी कपड़े वितरित किए। ऊनी वस्त्र पाकर नौनिहालों के चेहरे खिल उठे। भामाशाह राजवीर गुर्जर ने कहा कि समाज के लोग सर्दी की ऋतु को देखते हुए अभावग्रस्त व जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि धर्म ग्रंथों में भी परोपकार को सबसे बड़ा धर्म माना गया है। उन्होंने कहा कि चंद्रमल सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में जिले में अग्रणी संस्था है और अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन ईमानदारीसे कर रही है। उन्होंने कहा कि मां की स्मृति में बच्चों को स्वेटर का वितरण किया गया है आगे भी समिति की ओर से इस प्रकार के आयोजन कराए जाते रहेंगे। भामाशाह ने बच्चों को ऊनी कपड़े वितरित किए हैं। कड़ाके की सर्दी में ऊनी कपड़े पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सुभाष सोनी ने बताया कड़ाके की सर्दी को देखते हुए भामाशाह राजवीर सिंह गुर्जर ठेकेदार ने छात्र-छात्राओं को ऊनी कपड़े वितरित कर पुनीत कार्य किया है। इस मौके पर यशवीर सिंह पोसवाल, विशंभर सिंह, कीरत राम लोधा, पीटीआई शांति सहित अन्य स्टाफ और ग्रामीण मौजूद रहे।

## सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते 2 जुआरी गिरफ्तार, राशि बरामद

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान आईपीएस के निर्देशन में जुआ के विरूद्ध कार्यवाही के अन्तर्गत व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाड़ी डॉ कमल कुमार व नरेन्द्र मीणा आरपीएस वृत्ताधिकारी वृत्त सरमथुरा व कृपाल सिंह उप निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना आंगई के सुपरविजन में संगठित जुआरियों के खिलाफ कार्यवाही। घटना विवरण आंगई थानाप्रभारी कृपाल सिंह उप निरीक्षक के सुपरविजन में 7 जनवरी को लखनराम एएसआई थाना आंगई ने मय जाब्ता ने कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर मुल्जिम कुलदीप पुत्र मुरारीलाल शिवहरे निवासी चिलाचौंद थाना आंगई जिला धौलपुर, लखनपुरी पुत्र जगदीशपुरी गोस्वामी निवासी चिलाखुर थाना आंगई जिला धौलपुर को चिलाचौंद के पास बाइपास एनएच- 11B पर संगठित होकर सार्वजनिक स्थान पर सरेआम जुआ खेलते पाये जाने पर उक्त मुल्जिम के कब्जे से धारा बीएनएस व आरपीजीओ में जुआ उपकरण व जुआ राशि कुल 3010 रूपये को जब्त किया और 2 मुल्जिमों को गिरफ्तार किया। इस पर मामला दर्ज कर जांच जगदीश प्रसाद हेड कांस्टेबल की ओर से की जा रही हैं।

## एनसीसी कैडेटस ने किया जन जागरूकता रोड शो




जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के तत्वावधान में गुरुवार को आदर्श विद्या मंदिर स्कूल के एनसीसी कैडेटस की ओर से जन जागरुकता को लेकर रोड शो किया गया। नगर पालिका चोक से नगर पालिका अधिशासी अधिकारी जैकीराम गोयल, कैप जयपुर के जेंडर एक्सपर्ट चिरंजी लाल चंदेल, कम्युनिटी मोबिलाइजेशन एक्सपर्ट मनोज श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रोड शो को रवाना किया। इस जागरुकता रोड शो के माध्यम से आमजन को सीवरेज प्रोजेक्ट से संबंधित, पानी बचाने, नया जल कनेक्शन के लिए प्रेरित करते हुए आमजन को जागरूक किया। रोड शो फतेहपुर बस स्टैंड, मुख्य बाजार होते हुए गुजरा तथा आमजन को परियोजना के पम्पलेट वितरण करते हुए जल बचाने का संदेश देकर जागरूक किया जिसमें जन-जन ने ये ठाना है, पानी को बचाना है, पानी बचाने का करो जतन, जल संरक्षण में हम सबका हो सहयोग। इस मौके पर सामुदायिक विकास अधिकारी अनिल रूहेला ने कहा कि पानी है तो जीवन है इसके महत्व को समझना जरूरी है तभी हम पानी बचाने को लेकर जागरूक होंगे तथा बताया कि जल प्रदाय योजना के अन्तर्गत पानी पर्याप्त एवं पूर्ण प्रेशर के साथ मिल रहा है, जल मीटर से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी और अपील कि पानी को किसी भी तरह बर्बाद नहीं करें तथा आवश्यकतानुसार ही जल का उपयोग करें पानी की एक-एक बूंद बचाए क्योंकि यह आज की बचत कल का भविष्य है इसलिए पानी को किसी भी प्रकार से बर्बाद नहीं करें और ना ही दूसरों को करने दें। तथा उपस्थित जनों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। इस दौरान मैसर्स एल.एन.ए. आरएंडबी (जेवी) के मैनेजर विनय रेड्डी, एसओटी संदीप स्वामी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राधेश्याम सैनी, सत्यनारायण बावलिया, विजेंद्र सिंह, कृष्ण कुमार आदि उपस्थित रहे।

## देवरानी- जेठानी के झगड़े में बीच में आया देवर गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान आईपीएस के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा आरपीएस व वृताधिकारी वृत्त सैंपऊ अनूप सिंह यादव आरपीएस के सुपरविजन में सैंपऊ थानाधिकारी प्रमेन्द्र रावत पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में थाना पुलिस लगातार अपराधों व असामाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार कार्यवाही कर रही है। 7 जनवरी को थाना इलाके के ग्राम तसीमों में हिस्सा बंटवारे को लेकर देवर - देवरानी व जेठानी के बीच आपस में झगड़ा होने की सूचना पर थाना सैंपऊ पुलिस ने त्वरित कार्यवाही की। पीड़िता की ओर से थाना पर मारपीट की लिखित शिकायत दिये जाने पर मुकदमा दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल मुआयना करवाया गया। चिकित्सा अधिकारी की ओर से चोट को प्रथम दृष्टिया साधारण प्रकृति की बताया गया है। जिस पर पीड़िता के आरोपी देवर रोहित को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। जिसे न्यायालय में पेश किया जावेगा। मामले में मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्यवाही व अनुसंधान किया जाए गा।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
9 जनवरी, 2026

## पेयजल समस्या के समाधान की मांग, एईएन को ज्ञापन सौंपा



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** कस्बा सुजानगढ़ के वार्ड न. 5 में व्याप्त पेयजल समस्या का समाधान करने की मांग को लेकर लोगों ने सहायक अभियंता कार्यालय पहुंचकर सहायक अभियंता सुनील कुमार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान लोगों और अधिकारियों के बीच जिद बहस भी हुई। कॉमरेड जगदीश नाथ के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपकर बताया गया कि सर्वेश्वर महादेव मंदिर की गली में जल सप्लाई 8-10 दिनों से दी जाती है, जिसके कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पीने के पानी, नहाने, धोने, पशुओं के लिए जल आदि की दिक्कत से लोग परेशान हैं। जिस पर अधिकारियों ने जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान बालचंद जाखड़, सुरेश इसरावा, तेजल चौधरी, किसनलाल छरंग, महिपाल जाट, देवराज शेरड़िया, राम सहित अनेक लोग मौजूद रहे। वहीं जब लोग ज्ञापन देने आए, तो ऑफिस में बने कमरों में से अधिकांश पर ताले जड़े मिले। जिसके बारे में अधिकारियों से पूछने पर जेईएन रवि शर्मा ने बताया कि स्टाफ की कमी है, मात्र एक कर्मचारी है, वो भी रिटायर होने वाला है, इसलिए कमरे बंद पड़े हैं।

## लक्ष्मणगढ़ में चाइनीज मांझे की 45 चरखियां जब्त



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** शहर में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। गुरुवार को लक्ष्मणगढ़ उपखण्ड अधिकारी मोहर सिंह मीणा व लक्ष्मणगढ़ नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी नवनीत कुमावत के निर्देशन में पुलिस जाब्ते के साथ संयुक्त टीम का गठन किया गया। टीम की ओर से बोगस ग्राहक बनकर नगरपालिका क्षेत्र में शनि मंदिर के पास कार्रवाई अंजाम दिया गया। कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से बेचा जा रहा प्रतिबंधित चाइनीज मांझा पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार चाइनीज मांझे की 45 चरखियां जब्त की गईं। जब्त चाइनीज मांझे की चरखियों को टीम के समक्ष नष्ट कर दिया गया।अधिकारियों ने बताया कि चाइनीज मांझा मानव जीवन, पशु-पक्षियों के लिए बेहद खतरनाक है।प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे चाइनीज मांझे का उपयोग न करें और इसकी बिक्री या भंडारण की जानकारी तुरंत प्रशासन दे। भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## भूख हड़ताल समाप्त, धरना रहेगा जारी




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भाजपा नेताओं और पार्षदों का धरना नगरपरिषद कार्यालय के सामने लगातार चौथे दिन भी जारी रहा। करीब साढ़े 6 करोड़ रूपए की लागत से होने वाले विभिन्न वार्डों से सम्बंधित विकास कार्यों के टेंडर जारी कर दिए गए हैं, जिससे धरनार्थियों में खुशी की लहर देखने को मिली। भाजपा नेता नरेंद्र गुर्जर की धरने पर भूख हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। डॉ. लियाकत अली बल्खी ने नरेंद्र गुर्जर का चिकित्सकीय परीक्षण भी किया। शाम को भाजपा के जिला महामंत्री पवन माहेश्वरी ने जूस पिलाकर भूख हड़ताल समाप्त करवाई। वहीं धरने पर बैठे लोगों का कहना है कि अन्य मांगों का समाधान होने तक उनका धरना लगातार जारी रहेगा। धरने पर पार्षद प्रतिनिधि प्रेम स्वामी, पन्नालाल सोनी, पार्षद हरिओम खोड, रविंद्र पांडे, रेवंतमल पंवार, नरेंद्र गुर्जर, गणेश मंडावरिया, राकेश प्रजापत, नरेंद्र प्रजापत, महेश जोशी, प्रदेश सियोता आदि मौजूद रहे।

## अवैध डेयरी बूथ संचालन का आरोप

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** पुराने बस स्टेंड पर स्थित चौथमल सेठिया विश्रामालय के बाहर पश्चिम दिशा की तरफ अवैध डेयरी बूथ के अतिक्रमण की शिकायत कुछ लोगों ने नगरपरिषद में की। इकबाल, संजय, रोहित आदि की ओर से की गई शिकायत के बाद नगरपरिषद प्रशासन हरकत में आया और सम्बंधित व्यक्ति को नोटिस जारी किया गया है। नगरपरिषद की ओर से बाबूलाल गुर्जर के नाम से जारी किए गए नोटिस में बताया गया है कि नगरपरिषद की अनुमति के बिना और बिना एनओसी के ही डेयरी बूथ का अवैध संचालन किया जा रहा है। इसलिए बूथ हटाया जावे, अन्यथा राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 के तहत आपके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# किसानों की दोहरी दुविधा: एक ओर मौसम की मार तो दूसरी ओर खेतों में जंगली सुअर ककर रहे फसल चौपट

### आक्रोशित किसानों ने एसडीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** क्षेत्र के गांव कल्याणपुरा, साजनसर सहित आसपास के कई गांवों में जंगली सुअरों के आतंक से किसान परेशान हैं। जंगली सुअरों ने खेतों में खड़ी रबी की फसलों गेहूं, इसबगोल, मेथी, सरसों आदि को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा हैं। फसलें चौपट होने से आक्रोशित किसानों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए जंगली सुअरों को नियंत्रित करने की मांग की है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते जंगली सुअरों पर काबू नहीं पाया गया तो शेष फसलों को भी नष्ट कर देंगे। जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। किसानों ने कहा कि इस समस्या को लेकर पहले भी प्रशासन को अवगत करवाया गया था। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस संबंध में एसडीएम रामकुमार वर्मा ने बताया कि शिकायत प्राप्त हो गई है और वन विभाग की टीम को सूचित कर दिया गया है। उम्मीद है कि जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा। किसान संगठन से जुड़े सांवरमल जाखड़ ने कहा कि बार-बार अवगत करवाने के बावजूद कोई सुधार नहीं हो रहा है। मजबूर होकर किसानों को एसडीएम कार्यालय में एकत्रित होकर ज्ञापन देकर विरोध प्रदर्शन करना पड़ा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो किसान एसडीएम कार्यालय के आगे धरना-प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर गांव के ओमप्रकाश, परमेश्वर लाल, मनोज कुमार, कालूराम गोदारा, नानूराम, हंसराज जाखड़, इंद्राज जाखड़, कानाराम मेघवाल, रामनिवास गोदारा, बीरबल, रामप्यारे लाल, रामनिवास चौहान, मदनलाल, सुभाष तेतरवाल, रामकरण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग: सीकर के सत्येंद्र योगी का राष्ट्रीय स्तर पर चयन



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** सीकर में जिले के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि जिले के होनहार युवा सत्येंद्र योगी का चयन सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित सरदार@150 निबंध/रील प्रतियोगिता के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर किया गया है। यह चयन उनकी ओर से प्रस्तुत विचारोत्तेजक वक्तव्य की रील (वीडियो) के आधार पर हुआ है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के तहत सत्येंद्र योगी को विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2026 में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ है। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कार्यक्रम भारत सरकार के युवा कार्य व खेल मंत्रालय की ओर से 9 से 12 जनवरी 2026 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होंगे, जो देशभर से चयनित युवा प्रतिनिधियों से सीधा संवाद करेंगे तथा विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। इस ऐतिहासिक मंच पर युवा प्रधानमंत्री के समक्ष युवाओं के नवाचार, सुझाव, नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण से जुड़े अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से चयनित युवा प्रतिनिधियों के साथ-साथ नीति-निर्माता, विषय-विशेषज्ञ एवं केंद्रीय मंत्री भी उपस्थित रहेंगे। यह संवाद कार्यक्रम युवाओं को राष्ट्रीय नीति निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास, विचारों के आदान- प्रदान को बढ़ावा और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। यह मंच युवाओं के आत्मविश्वास, निर्णय क्षमता और देश के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करेगा। सत्येंद्र योगी के इस राष्ट्रीय स्तर पर चयन से सीकर जिले का नाम पूरे देश में गौरवान्वित हुआ है। साथ ही इससे जिले के युवाओं में नई ऊर्जा, उत्साह और राष्ट्र सेवा की प्रेरणा का संचार हुआ है।

## जिले की मांग के धरनास्थल पर प्रशासन ने चलाया बुलडोजर, गुमटी ध्वस्त



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ को जिला बनाने की मांग को लेकर जनहित संघर्ष मोर्चा द्वारा लगातार पिछले चार सालों से धरना दिया जा रहा था। एडवोकेट राजेंद्र सोनी की शिकायत पर प्रशासन ने एसडीएम कार्यालय के बाहर बने धरना स्थल की बनी गुमटी को सुबह-सुबह बुलडोजर की सहायता से तोड़कर मलबा वहां से उठा दिया। नगरपरिषद के कर्मचारियों ने पुलिस की मौजूदगी में धरनास्थल पर बने निर्माण को तोड़ा और मलबा तक उठाकर ले गए। इस दौरान तहसीलदार गिरधारी लाल पारीक, सीआई बेगाराम मीणा, सहायक अकिभयंता, विक्रम जोरवाल भी मौजूद रहे। दूसरी ओर इस कार्रवाई पर जनहित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एडवोकेट रामकुमार मेघवाल ने कहा है कि प्रशासन ने दमनात्मक कार्रवाई की है और जनभावनाओं के मध्य नजर जिले को लेकर आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा को बलात्कार के आरोपी की शिकायत को जिस प्रकार से सरकार ने सीरियसली लिया है, उससे जाहिर है कि सरकार किस प्रकार के लोगों को गंभीरता से ले रही है। वहीं दोपहर बाद धरना स्थल पर टेंट लगाया गया और लोगों ने जिले की मांग को लेकर नारेबाजी की। इस दौरान सिराज खान कायमखानी, गजानंद प्रजापत, साबिर अली चौहान, कॉमरेड रामनारायण रूलाणिया, सुमरेसिंह, सत्यनारायण माली, सागर मेघवाल आदि लोग मौजूद रहे।

## टेंट एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह रहा ऐतिहासिक



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे में टेंट एसोशिएशन के नवनियुक्त जिला निर्मल सैनी का शपथ ग्रहण समारोह ऐतिहासिक हुआ। एन एच 11 पर विनायक होटल से जूलूस के रूप में रवाना हुआ जो स्टेडियम,बालिका विद्यालय, बस स्टेण्ड गांधी चौक होकर माली सैनी समाज गेस्ट पहुंचा। जूलूस में विभिन्न झांकियां, बैण्ड बाजा, डीजे, नाचने वाले छ घोड़े, बग्गी ढोल के साथ निकला जूलूस ऐतिहासिक रहा। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष निर्मल सैनी का कस्बेवासियों की ओर से स्वागत किया गया। जुलूस माली सैनी समाज गेस्ट पहुंचा। जहां शपथग्रहण समारोह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में टेंट एसोशिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रवि जिन्दल, प्रदेशाध्यक्ष रासबिहारी सहित प्रदेश के की जिलाध्यक्ष, चूरू जिले के तहसील अध्यक्ष, जिले के पूर्व अध्यक्ष सहित मंचस्थ रहे। राजलदेसर टेंट एसोसिएशन की ओर से पधारे अतिथियों का स्वागत किया गया। गणेश वंदना तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसके बाद नवनियुक्त जिला अध्यक्ष निर्मल सैनी ने अध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण की। कस्बे में हुए इस बड़े आयोजन को लेकर काफी लोग शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे।

## एसडीएम को दिया ज्ञापन, समस्याओं के समाधान की मांग



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी बैनर तले मुख्यमंत्री के नाम मार्फत उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में बिजली समस्या संबंधित स्थिति को लेकर अवगत करवाया गया। सरकार की ओर से चलाई गई गांव चलो अभियान में ग्रामीणों ने लिखित में अवगत करवाया साथ ही अधीक्षण अभियंता जोधपुर डिस्कॉम चुरु को भी अवगत करवाया गया।लेकिन बिजली बोर्ड के अधिकारियों की ओर से धरातल पर कोई कार्य नहीं किया गया है। आम जनता को आए दिन परेशान कर रहे हैं। बार-बार चक्कर कटवा रहे हैं। सरकार ने कैंप लगाकर सिर्फ वाह वाही लूटी है। धरातल पर कोई कार्य नहीं किया है। आरएलपी नेता रुपचन्द सहारण ने बताया मेलुसर ग्राम पंचायत के गांव राजास में टेढ़े-मेढ़े बिजली पोल, कटी-फट्टी क्षतिग्रस्त केबिल हादसे को चुनौती दे रही है और कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों को वोल्टेज समस्याएं आए दिन होती रहती है। कई बार घरों में तेज बिजली आने से इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर राख हो गया। लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है। नगर अध्यक्ष धीरेंद्र सैनी ने बताया कि अर्जुन क्लब पिंपल बालाजी मंदिर के पास है एलटी लाइन के तीन पोल शिफ्टिंग को लेकर कई बार विभाग के अधिकारियों को अवगत करवा दिया गया। लेकिन ध्यान नहीं दे रहे हैं। बाजार में मेंन रोड़ पर बिजली पोलों को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था आए दिन बनी रहती है। जिससे आम आदमी परेशान होता रहता है। अगर तय समय पर काम नहीं हुआ तो पार्टी के पदाधिकारियों ने कहा है कि आंदोलन करने को मजबूर होना पड़ेगा।

## 16 जनवरी से ड्रेनेज का कार्य शुरू करवाने का दिया आश्वासन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** पार्षद प्रतिनिधि व भाजपा नेता प्रेम प्रकाश स्वामी के नेतृत्व में भाजपा नेताओं और पार्षदों का एक प्रतिनिधिमंडल कार्यवाहक आयुक्त चारवी से मिला और प्रस्तावित ड्रेनेज कार्य को जल्द से जल्द चापटिया तलाई से शुरू करने की मांग की। इस दौरान प्रेम प्रकाश स्वामी ने बताया कि चापटिया तलाई की समस्या अत्यंत गंभीर है और इस बार की बारिश से लोगों को लाखों का नुकसान उठाना पड़ा है। अतः समस्या का स्थायी समाधान करने के लिए जल्द से जल्द चापटिया तलाई से ड्रेनेज कार्य शुरू किया जाए। जिस पर आयुक्त चारवी ने बताया कि मलमास के कारण कार्य शुरू नहीं हो पाया है, 16 जनवरी को चापटिया तलाई से ही कार्य शुरू करवाया जाए द्वगा। पार्षद रेंवतमल पंवार, गणेश मंडावरिया ने वाल्मिकी बस्ती की तलाई का स्थायी समाधान करने की मांग की, जिस पर आयुक्त ने बताया कि ड्रेनेज के दूसरे फेज में इसको शामिल कर लिया गया है। इस दौरान भाजपा नेता प्रेम स्वामी, पन्नालाल सोनी, पार्षद हरिओम खोड, रविंद्र पांडे, रेवंतमल पंवार, नरेंद्र गुर्जर, गणेश मंडावरिया, राकेश प्रजापत, नरेंद्र प्रजापत आदि मौजूद रहे। वहीं आयुक्त चारवी ने बताया कि रूडसिको के अधिशाषी अभियंता देवेंद्र ने मौका मुआयना किया है और सम्बंधित फर्म पद्मावत् इंटरप्राइजेज को जल्द से जल्द कार्य शुरू करने के लिए कहा गया है। आयुक्त ने बताया कि ड्रेनेज के लिए कुल 75 करोड़ के प्रस्ताव भेज हुए थे, जिसके तहत प्रथम फेज में कुल 22.76 करोड़ रूपए की लागत से कार्य शुरू होने वाला है। इस कार्य के तहत प्रथम फेज में चापटिया तलाई और गैनाणी से बड़े नाले डाले जायेंगे और पंप हाउस का निर्माण कर पानी को आगे पंप किया जाएगा।

## भामाशाह ने की खाद्य सामग्री वितरित

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राजकीय महात्मा गांधी तेलियान स्कूल में भामाशाह अब्दुल करीम खिची ने बच्चों को खाद्य सामग्री का वितरण किया। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ ने स्कूल में आ रही दिक्कतों के बारे में अब्दुल करीम खिची को जानकारी दी। वहीं प्रिंसिपल आशा राठौड़ भी कार्यक्रम में मौजूद रही। शाला स्टाफ के सदस्यों ने भामाशाह अब्दुल करीम खिची का स्वागत किया।

### उप जिला अस्पताल के आगे का रास्ता होगा सुगम

# नगर परिषद बनाएगी नई सड़क, मरीजों व एम्बुलेंस को मिलेगी बड़ी राहत



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के राजकीय उप जिला अस्पताल के सामने वर्षों से चली आ रही अव्यवस्था और जर्जर हालात अब सुधरेंगे। जल्द ही नगर परिषद की ओर से अस्पताल के सामने व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाने के साथ-साथ नई सड़क का निर्माण करवाया जाएगा। इस निर्णय से मरीजों, उनके परिजनों और आपातकालीन सेवाओं को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। नगर परिषद सभापति राजकरण चौधरी ने बताया कि उप जिला अस्पताल शहर का प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है। जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। वर्तमान में अस्पताल के सामने सड़क की स्थिति खराब होने के साथ-साथ गंदगी और अव्यवस्थित ठेलों के कारण मरीजों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार एम्बुलेंस को भी अस्पताल तक पहुंचने में समय लग जाता है जो आपात स्थिति में बेहद गंभीर समस्या बन जाती है। सभापति चौधरी ने कहा कि इन समस्याओं को देखते हुए नगर परिषद ने अस्पताल के सामने सड़क निर्माण और नियमित साफ-सफाई का ठोस निर्णय लिया है। सड़क निर्माण कार्य शुरू होते ही अस्पताल के आगे के पूरे क्षेत्र को समतल और मजबूत बनाया जाएगा। जिससे पैदल चलने वालों, दोपहिया व चारपहिया वाहनों को सुगम रास्ता मिल सके। इसके साथ ही अस्पताल के सामने सड़क पर लगे ठेलों को भी व्यवस्थित किया जाएगा। सभापति ने स्पष्ट किया कि सड़क पर अतिक्रमण कर लगाए गए ठेलों को अस्पताल से दूर किया जाएगा ताकि सड़क पूरी तरह खुली रहे और एम्बुलेंस व अन्य वाहनों को बिना किसी बाधा के आने-जाने की सुविधा मिल सके। ठेले वालों को भी समझाइश कर वैकल्पिक व तय स्थान पर व्यवस्थित रूप से ठेला लगाने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे उनका रोजगार भी प्रभावित न हो और यातायात व्यवस्था भी सुचारू बनी रहे।नगर परिषद अधिकारियों के अनुसार साफ-सफाई के तहत अस्पताल के सामने कचरे को हटाया जाएगा। नालियों की नियमित सफाई की जाएगी और क्षेत्र को स्वच्छ रखा जाएगा। इससे संक्रमण का खतरा भी कम होगा और मरीजों के साथ-साथ आसपास रहने वाले लोगों को भी स्वच्छ वातावरण मिलेगा।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।